श्री पद्म वासु पुज्य दुःख हरता ।। मैं शरण...

६–श्री अरहनाथ अन्तर्यामी,
प्रभो महावीर शासन स्वामी ।
श्री सुमितनाथ सुमति धामी ।। मैं शरण...

७–शनि को जिनवर नाम रटे,
केतु आदि ग्रह दूर हटे ।
'उम्मेद' शरण से मरण कटे ।। मैं शरण...

चौंतीस का यन्त्र

१	१४	७	१२
८	११	२	१३
१०	५	१६	३
१५	४	९	६

तर्ज—हा सगी जीने पेडा भावे

हा सती सोलह गुण गाओ ।
नित उठ चरणो मे शीश झुकाओ ।
मिटे कर्म दु ख रोग शोक
सुख समृद्धि पाओ रे ।। टेर ।।

१—ऋषभ देव पुत्री धन्य ब्राह्मी,
सुलसा द्रोपदी महा गुण खानी ।
चम्पा द्वार ने खोल सुभद्रा—
सुयश जग छायो रे ।। सती ..

२–शील सुरंगी चन्दन बाला,
प्रथम शिष्या प्रभु वीर की आला ।
प्रभावती सती सुन्दरी––
शिव सुख धन पायो रे ।। सती...

३–दमयन्ती चेलणा सुख कारी,
राजमती की जाऊं बलिहारी ।
चौपन दिन के पूर्व सती––
अक्षय पद पायो रे ।। सती...

४–पद्मावती कौशल्या जयकारी,
शिवा सीता जगत जहारी ।
अग्नि कुण्ड थयो नीर––
देव नर सुयश गायो ।। सती...

५–मृगावती खंती अपनाई,
केवल पा मुक्ति में सिधाई ।
धन्य सती कुन्ती––
अमरा पद पायो रे ।। सती...

६–मम गुरुणीसा अर्चना जी प्रसादे,
साध्वी उम्मेद सुख आनन्दे ।
प्रातः उठ गुण गावतां––
इण सम बन जाओ रे ।। सती...

भगवान महावीर की तपस्या

तर्ज—साथणिया म्हारो रातडली सपनो ..

सुनिये भव्य प्राणी, महावीर के जीव ने
तपस्या यू कीनो ॥
सुनिये भव प्राणी, कर्म द्वन्द्व ने काट लिया
शिव सुख स्थानो ॥ टेर ॥

१—चक्रवर्ती के जन्म मे, सुख वैभव दिया छोड़ ।
संयम पाला करोड़ वर्ष, वज्र कर्म दिया तोड़ ॥
अजी वीर प्रभु ने चक्रवर्ती के भव मे तपस्या
यूं कीनो ॥ सुनिये...

२—११ करोड इकसठ लाख, तीस सहस्र परिमान
वत्तीस कीना ऊपरे, मास मास तप ठान ।
अजी वीर प्रभु ने आतम बल जाग्रित कर
ज्योति जगा लीनो ॥ सुनिये .

३—नन्दराय भव पच्चीसवें, सयम ले प्रभु ध्यान,
११ लाख ६१ सहस्र, दो शत मास तप जान ।
अजी वीर प्रभु ने वीस बोल कर गोत्र तीर्थंकर
पालीनो ॥ सुनिये...

४–कुण्डलपुर में राय सिद्धार्थ, तृशला उदर अवतार
चौसठ इन्द्र महोत्सव कियो, घर २ मंगलच्चार ।
अजी वीर प्रभु संयम ले, कर्म बीज जलावन
ठालीनो ।। सुनिये...

५–नव चौमासी तप किया, एक करी छ मास ।
अभिग्रह दूजी ६ मासी में, तेरह बोल विमास ।।
अजी चन्दन बाला पारणा दे प्रभु वीर को
आत्म उज्जवल की ।। सुनिये...

६–अढ़ाई मास तीन मास दो, दोय मास खट जान ।
डेढ़ मास वलि दो करी, मास द्वादश मान ।।
अजी वीर प्रभु अभद्र महाभद्र शिवभद्र तपस्या
यूं कीनी ।। सुनिये...

७–पक्ष बहोत्तर प्रभु किया, बेला किया गुनतीस ।
भिक्षु प्रतिमा अष्टम करी, प्रतिपल नमाऊं शीश ।।
अजी वीर प्रभु ने घोर परिषह सहकर मुक्ति
पालीनी ।। सुनिये...

८–साढ़ी ११ वर्ष के ऊपरे, पच्चीस दिन तपधार ।
एक सो गुनपच्चास दिन, पारणे किये दातार ।।
अजी वीर प्रभु के कानों में कील्ले ठोके समता
कीनी ।। सुनिये...

९--आप विराज्या मोक्ष मे, मैं इण भरत मे माय ।
किन्तु अब ना रह सकू, ज्योत मे ज्योत मिलाय ।।
अजी द्वैत कल्पना, मिटा जिनेश्वर एक ही
कर दीनी ।। सुनिये...

१०--गुरुणीसा वरदान दो, ढाऊ कर्म पहाड़ ।
कृपा होय जो आपकी तो, सहु न जग की पछाड़ ।।
सतो उम्मेद की अरजी पर मरजी करदीनी ।।
सुनिये .

११--दोय हजार छतीस मे, उदयपुर शहर मझार ।
आषाढ सुद दशमी भली, सिद्ध योग गुरुवार ।।
अजी मदनपोल मे गाकर आज सुना दीनी । सुनिये ..

।। इति ।।

: जय गुण महिमा :

तर्ज—रघुपति राघव........

जयमल गणिका प्यारा नाम,
जपले वन्दे सुबह और शाम ।। टेर ।।

१—वर्ष बावीस में हो गई शादी,
अर्ध वर्ष में भये वैरागी ।
भेंटे गुरुवर भूधर स्वाम ।। जपले .. ।।

२—गुरु भूधर थे घोर तपस्वी,
आत्म ध्यानी महा यशस्वी ।
पांच पांच का तप प्रधान ।। जपले... ।।

३—आपकी महिमा जय वर भारी,
छोड़ी नव परणिता नारी ।
कामदेव का मिटा निशान ।। जपले... ।।

४—सोलह वर्ष एकान्तर धार,
कर्म रिपु पर किया प्रहार ।
वर्ष बावन नहीं सोये स्वाम ।। जपले... ।।

५–आप नाम मे जादू भरा है,
जो ध्यावे सब कष्ट टरा है।
तत्क्षण पावे सुख का धाम ॥ जपले . ॥

६–साध्वी 'उम्मेद' तव गुण गावे,
शत शत चरणो मे शीश झुकाये।
शिव शक्ति का दो वरदान ॥ जपले ॥



श्री बड़ी साधु-वन्दना

नमूँ अनन्त चौबीसी, ऋषभादिक महावीर ।
आरज क्षेत्र माँ घाली, धर्म नी शीर ।।१।।

महा अतुल बली नर, शूर वीर ने धीर ।
तीरथ प्रवर्तावी, पहुंचा भव जल तीर ।।२।।

सीमंधर प्रमुख, जघन्य तीर्थंकर बीस ।
छे अढ़ाई द्वीप माँ, जयवँता जगदीश ।।३।।

एक सौ ने सत्तर, उत्कृष्टा पद जगीश ।
धन्य म्होटा प्रभुजी, तेहने नमाऊँ मारो शीश ।।४।।

केवली दोय कोड़ी, उत्कृष्टा नव कोड़ ।
मुनि दोय सहस्त्र कोड़ी, उत्कृष्टा नव सहस्त्र कोड़ ।।५।।

विचरें विदेह में म्होटा तपसी घोर ।
भावे करी बँदू, टाले भव नी खोड़ ।।६।।

चौबीसे जिन नां; सगला ही गणधार ।
चवदह सौ ने बावन, ते प्रणमूँ सुखकार ।।७।।

श्री 'उत्तराध्ययन' माँ, जिनवर कर्या वखान ।
शुद्ध मन से ध्यावो, मन मे धीरज आण ।।२६।।

वलि 'खदक' संन्यासी, राख्यो गौतम स्नेह ।
महावीर समीपे, पच महाव्रत लेह ।।२७।।

तप कठिन करीने झौंसी आपणी देह ।
गया अच्युत देवलोके, चवि लेसी भव-छेह ।।२८।।

वलि 'ऋषभदत्त' मुनि सेठ 'सुदर्शन' सार ।
"शिवराज' ऋषीश्वर, धन्य 'गांगेय' अणगार ।।२९।।

शुद्ध सयम पालो, पाम्या केवल सार ।
ये चारो मुनिवर, पहुँत्या मोक्ष मभार ।।३०।।

भगवत नी माता, धन्य धन्य सती 'देवानंदा' ।
वली सती 'जयती' छोड दिया घर फदा ।।३१।।

सती मुगति पहुँत्या, वली वीर नी नद ।
महासती 'सुदर्शना', घणी सतियो ना वृन्द ।।३२।।

वलि 'कार्तिक' सेठे पड़िमा वहीशूरवीर ।
जीम्यो मोरा ऊपर, तापस बलती खीर ।।३३।।

पछी चारित्र लीधूँ, मित्री एक सहस्र आठ धीर ।
मरी हुआ 'शक्रेन्द्र', च्यवि लेसे भव-तीर ।।३४।।

वलिराय 'उदायन' दियो भाणजा ने राज ।
पछी चारित्र लईने, सार्या आतम काज ।।३५।।

'गंगदत्त' मुनि 'आनंद', तारण तरण जहाज ।
मुनि 'कौशल' 'रोहो', दियो घणा ने साज ।।३६।।

धन्य 'सुनक्षत्र' मुनिवर, 'सर्वानुभूति' अणगार ।
आराधक हुई ने, गया देव लोक मँझार ।।३७।।

चवि मुगते जासी, वलि 'सिंह' मुनीश्वर सार ।
बीजा पण मुनिवर; भगवती माँ अधिकार ।।३८।।

'श्रेणिक' ना बेटा, म्होटा मुनिवर 'मेघ' ।
तजी आठ अँतेउर, आण्यो मन सँवेग ।।३९।।

वीर पै व्रत लेईने, बाँधी तपनी तेग ।
गया विजय विमाने, चवि लेसे शिव वेग ।।४०।।

धन्य 'थावच्चा पुत्र', तजी बत्तीसों नार ।
नेनी साथे निकल्या, पुरुष एक हजार ।।४१।।

'शुकदेव' संन्यासी, एक सहस्त्र शिष्य लार ।
पांचसो से 'शेलक', लीधो संजम भार ।।४२।।

सब सहस्त्र अढ़ाई, घणा जीवों ने तार ।
पुंडरिक गिरि ऊपर, कियो पादोपगमन संथार ।।४३।।

आराधक हुईने, कीधो खेवो पार ।
हुआ मोटा मुनिवर, नाम लिया निस्तार ।।४४।।

धन्य 'जिनपाल' मुनिवर, दोय 'धन्ना' हुआ साध ।
गया प्रथम देव लोके, मोक्ष जासे आराध ।।४५।।

'श्री मल्लीनाथ' ना छह मित्र, 'महाबल' प्रमुख मुनिराय ।
सर्वे मुक्ति सिधाव्या, म्होटी पदवी पाय ।।४६।।

वलि 'जित शत्रु' राजा, सुबुद्धि नामे प्रधान ।
पोते चारित्र लई ने, पाम्या मोक्ष निधान ।।४७।।

धन्य 'तेतली' मुनिवर, दियो छकाय ने अभयदान ।
'पोटिला' 'प्रतिबोध्या' पाम्या केवल ज्ञान ।।४८।।

धन्य पाँचे 'पाडव', तजी 'द्रौपदी' नार ।
स्थिरा नी पासे, लीधो सयम भार ।।४९।।

श्री नेम वदन नो एहवो अभिग्रह कीध ।
मास मास खामण तप, शत्रुंजय जई सिद्ध ।।५०।।

'धर्मघोष' तणा शिष्य, 'धर्मरूचि' अणगार ।
कीडियोनी करूणा, आणी दया अपार ।।५१।।

कडवा तूंबा नो, कीधो सगलो आहार ।
सर्वार्थ सिद्ध पहुँत्या, चविलेसे भवपार ।।५२।।

बली 'पुंडरिक' राजा, कुंडरिक डिगियो जाण ।
पोते चारित्र लेईने, न घाली धर्म मां हाण ॥५३॥

सर्वार्थ सिध पहुँत्या, चविलेसे निर्वाण ।
श्री ज्ञाता सूत्र मां, जिनवर कर्या बखाण ॥५४॥

'गौतमादिक' कुंवर, सगा अठारे भ्रात ।
"अंधक वन्हि' सुत, धारणी ज्यांरी मात ॥५५॥

तजी आठ अतेउर, काढ़ी दीक्षा नी बात ।
चारित्र लईने, कीधो मुक्ति नो साथ ॥५६॥

श्री 'अनीक सेनादिक' छयों सहोदर भाय ।
वसुदेव ना नंदन, देवकी ज्यांरी माँय ॥५७॥

भद्दिल पुर नगरी, नाग गहावई जाण ।
सुलसा घर वधिया, साँभली नेमिनी वाण ॥५८॥

तजी बत्तीस बत्तीस अंतेउर, निकल्या छिटकाय ।
नलकूबेर समाना, भेटिया श्री नेमिना पाय ॥५९॥

करि छठ छठ पारणा, मन में वैराग्य लाय !
एक मास संथारे; मुक्ति विराज्या जाय ॥६०॥

वलि 'दारुक' 'सारण'; 'सुमुख' 'दुमुख' मुनिराय ।
वलि कुँवर 'अनाधृष्ट', गया मुक्ति गढ़ माँय ॥६१॥

वसुदेव ना नंदन, धन्य धन्य 'गजसुकुमाल' ।
रूपे अति सुन्दर, कलावंत वय बाल ॥६२॥

श्री नेमि समीपे, छोड्यो मोह जजाल ।
भिक्षुनी पड़िमा, गया मसाण महाकाल ॥६३॥

देखी 'सोमल' कोप्यो, मस्तक बांधी पाल !
खेरा ना खीरा, शिर धरिया असराल ॥६४॥

मुनि नजर न खंडी, मेटी मन नी झाल ।
परीषह सहीने, मुक्ति गया तत्काल ॥६५॥

धन्य 'जाली' 'मयाली' 'उवयाली' आदिक साध ।
'साब' ने 'प्रद्युम्न', 'अनिरुध' साधु अगाध ॥६६॥

वलि 'सत्यनेमि' 'दृढनेमि' करणी कीधी निर्बाध ।
दशे मुक्ति पहुँत्या, जिनवर वचन अराध ॥६७॥

धन्य 'अर्जुन माली' कियो कदाग्रह दूर ।
वीर पे व्रत लईने, सत्यवादी हुआ सूर ॥६८॥

करी छठ छठ पारणा, क्षमा करी भरपूर ।
छह मासा माही, कर्म किया चकचूर ॥६९॥

कुँवर 'अइमुत्ते' दीठा गौतम स्वाम ।
सुणि वीरनी वाणी, कीधो उत्तम काम ॥७०॥

चारित्र लेईने, पहुँत्या शिवपुर ठाम ।
धुर आदि 'मकाई' अंत 'अलक्ष' मुनि नाम ॥७१॥

वलि 'कृष्ण' रायनी' 'अग्रमहीषी' आठ ।
'पुत्र बहू' दोय, संच्या पुण्य ना ठाठ ॥७२॥

जादव कुल सतियां, टाल्यो दुख उचाट ।
पहुँती शिवपुर मां, ऐ छे सूत्र नो पाठ ॥७३॥

श्रेणिक नी रानी; 'काली' आदि दश जाण ।
दशे पुत्र वियोगे, साँभली वीर नी वाण ॥७४॥

'चंदन बाला' पे, संयम लेई हुई जाण ।
तप करी देह झौंसी पहुँती छे निर्वाण ॥७५॥

'नंदादिक' तेरह, श्रेणिक नृपनी नार ।
सगली चंदनबाला पे, लीधो संयम भार ॥७६॥

एक मास संथारे, पहुँती मुक्ति मँझार ।
ए नेऊं जणानो अंतगड़ मां अधिकार ॥७७॥

श्रेणिक ना बेटा; 'जाली' आदिक तेबीस ।
वीर पे व्रत लेईने पाल्यो बिसवाबीस ॥७८॥
तप कठिन करीने, पूरी मन जगीश ।
देवलोके पहुँत्या, मोक्ष जासे तजीं रीश ॥७९॥

काकदीनो 'धन्नो', तजी बत्तीसो नार ।
'महावीर' समीपे, लीधो सयम भार ॥८०॥

करी छठ छठ पारणा आयविल उज्झित आहार ।
श्री वीर वखाण्यो, धन्न 'धन्नो' अणगार ॥८१॥

एक मास सथारे, सर्वार्थ सिद्ध पहुँत ।
महाविदेह क्षेत्र मा, करसे भव नो अत ॥८२॥

धन्ना नी रीते, हुआ नवे ही सत ।
श्री 'अणुत्तरोववाई' मा भाखि गया भगवत ॥८३॥

'सुबाहु' प्रमुख, पांच पांच सौ नार ।
तजी वीर पे लीधा, पाच महाव्रत सार ॥८४॥

चारित्र लेईने, पाल्या निरतिचार ।
देवलोके पहुँच्या, सुखविपाके' अधिकार ॥८५॥

श्रेणिक ना पोता 'पौमादिक' हुआ दश ।
वीर पे व्रत लेईने काढ्यो देहनो कस ॥८६॥

सयम आराधी, देवलोके मा जई वस ।
महा विदेह क्षेत्र मा, मोक्ष जासे लई जस ॥८७॥

बलभद्र ना नदन, 'निषधादिक' हुआ बार ।
तजी पचास अतेउरी, त्याग दियो ससार ॥८८॥

सहुनेमि समीपे, चार महाव्रत लोध ।
सर्वार्थ सिद्ध पहुँत्या, होसे विदेह में सिद्ध ॥८९॥

'धन्नो' ने 'शालिभद्र' मुनीश्वरोंनी जोड़ ।
नारीना बंधन तत्क्षण नाख्या तोड़ ॥९०॥

घर कुटुम्ब कबीलो, धन कंचन नी कोड़ ।
मास मास खमण तप, टालसे भवनी खोड़ ॥९१॥

श्री 'सुधर्म' स्वामीना शिष्य धन्य धन्य 'जंबू' स्वाम ।
तजी आठ अंतेउरी, मात पिता धन धाम ॥९२॥

'प्रभवादिक' तारी, पहुँत्या शिवपुर ठाम ।
सूत्र प्रवर्तावी, जगमो राख्यूँ नाम ॥९३॥

धन्य 'ढ़ंढ़ण' मुनिवर, कृष्णराय ना नंद ।
शुद्ध अभिग्रह पाली, टाल दियो भव फंद ॥९४॥

वलि 'खंदक' ऋषिनी, देह उतारी खाल ।
परीषह सहीने, भम फेरा दिया टाल ॥९५॥

वलि 'खंदक' ऋषिना, हुआ पांचसौ शीस ।
घाणी मां पील्या, मुक्ति गया तज रीष ॥९६॥

'संभूति विजय' शिष्य, 'भद्रबाहु' मुनिराय ।
चौदह पूर्व धारी, 'चंद्रगुप्त' आण्यो ठाय ॥९७॥

वलि 'आर्द्रकुंवर' मुनि, 'स्थूलभद्र' 'नदिषेण' ।
'अरणक' 'अइमुत्तो', मुनिश्वरो नी श्रेण ॥९८॥

चौवीसे जिनना, मुनिवर सख्या अठावीस लाख ।
ऊपर सहस्र अडतालीस, सूत्र परपरा भाख ॥९९॥

कोई उत्तम वाचो मोढे जयणा राख ।
उघाडे मुख वोल्या, पाप लागे इम भाख ॥१००॥

धन्य 'मरूदेवी' माता ध्यायो, निर्मल ध्यान ।
गज होदे पायो, निर्मल केवल ज्ञान ॥१०१॥

धन्य 'आदेश्वरनी' पुत्री, 'ब्राह्मी' सुंदरी दोय ।
चारित्र लेईने, मुक्ति गई सिद्ध होय ॥१०२॥

चौवीसे जिननी, वडी शिष्यणी चौवीस ।
सती मुगते पहुंत्या, पूरी मन जगीस ॥१०३॥

चौवीसे जिनना, सर्व साधवी सार ।
अडतालीस लाखने, आठ सो सत्तर हजार ॥१०४॥

चेड़ानी पुत्री, राखो धर्म नी प्रीत ।
'राजिमती' विजया', 'मृगावती' सुविनीत ॥१०५॥

'पद्मावती' 'मणयरेहा', द्रोपदी' 'दमयती' 'सोत' ।
इत्यादिक सतियां, गई जमारो जीत ॥१०६॥

चौवीसे जिनना, साधु साधवी सार ।
गया मोक्ष देवलोके, हृदय राखो धार ।।१०७।।

इण अढ़ाइद्वीप मां, कचरड़ा तपसीं बाल ।
शुद्ध पंच महाव्रत पालीं, नमो नमो त्रिकाल ।।१०८।।

इण यतियों सतियों ना, लींजे नित प्रति नाम ।
शुद्ध मन थीं ध्यावो, एह तिरणनो ठाम ।।१०९।।

इण यतियों सतियों सूं राखो उज्ज्वल भाव ।
इम कहे ऋषि 'जयमलजी' एह तिरण नो दाव ।।११०।।

संवत अठारे ने वर्ष, साते सिरदार ।
गढ 'जालोर' मांहि, एह कह्यो अधिकार ।।१११।।

चौबीसी

तर्ज—कुटुम्ब तज शरण राम

भविक जन चौबीस जिनवर ध्याओ,
कर्म द्वन्द को दूर हटा कर
आतम ज्योति जगाओ ।। टेर ।।

१–ऋषभ अजित सम्भव अभिनन्दन,
सुमत पद्म जिन गाओ ।
सुपार्श्व चन्द्र जिन शुक्ल वर्ण है,
शुक्ल ध्यान प्रभु पायो ।। भविक...

२–सुविधि शीतल श्रेयांस वासुपुज्य,
विमल अनन्त सुख पायो ।
धर्म शान्ति जिन शान्ति करीने,
मृगी रोग हटायो ।। भविक .

३–कुन्थु अरह मल्लि मुनि सुव्रत,
नमि नेम शिव पायो ।
तोरण से रथ मोड चले प्रभु,
पशुओको अभय दिरायो ।। भविक

४–पार्श्व प्रभु की महिमा निराली,
नाग नागिन प्राण बचायो ।
महा बलधारी आत्मा तारी,
वीर जन्मत मेरु कम्पायो ।। भविक...

५–वीस विहर मुनि ग्यारह ही गणधर,
सोलह सती शील सवायो ।
गुरुवर्या अर्चना जी प्रसादे,
सती उम्मेद जिन गुण गायो ।। भविक...

चौबीसी

तर्ज—मेरे घर पर बिजली लगा दो

चौवीस जिनेन्द्र को ध्याते चलें,
घाति कर्मों के वृन्द उड़ाते चलें ।। टेर ।।

१–ऋषभ अजित सम्भव अभिनन्दना,
सुमत पद्म सुपार्श्व को वन्दना ।
चन्द्र प्रभो चरण चित धरते चलें ।। चौबीस

२–सुविधि शीतल श्रेयास वासु प्रभो,
विमल अनन्त धर्म शान्ति नाथ विभो ।
शान्ति शान्ति की ध्वनिया गु जाते-चलें ॥ चौबीसी

३–कुन्थु अरह् मल्लि मुनि सुव्रत जी,
नमि नेमी पार्श्व महावीर जो ।
उन के पद चिह्नो पर चलते चलें ॥ चौबीसी

४–गुरणीसा आपकी महिमा मैं कह् न सकू
लाखो जीभ मिले फिर भी गा न सकू ।
श्वासो श्वास मे रटन लगाते चलें ॥ चौबीसी

५–अरजी मानो न मानो, मै दरपे खडी,
मोक्ष देवो न देवो मै, चरणो पडी ।
'उम्मेद' आशा से वक्त विताते चलें ॥ चौबीसी

चौबीसी

तर्ज—मन डोले मेरा दिल

पक्खी खमाऊ जन्म घटाऊ,
सफल करू अवतार रे ।
अब तार दे मेरे जिनवरियां ॥ टेर ।

१—ऋषभ अजित सम्भव अभिनन्दन,
सुमत जिनेश्वर प्यारा ।
पद्म सुपार्श्व चन्द्र प्रभ जिनवर,
लागे मोहन गारा अजी हा लागे मोहन गारा ।
सुविधि शीतल श्रेयांस वासु पुज्य,
अधम उधारण हार रे ।। अब तारदे…

२—विमल अनन्त धर्म नाथ शान्ति प्रभो,
शान्ति-शान्ति वरतावे ।
कुन्थु अरह मल्लि मुनि सुव्रत,
भव्य जनों मन भावे ।
अजी हा भव्य जनों मन भावे ।
नमि नेम श्री पार्श्व वीर प्रभु,
भवोदधी पार उतार रे ।। अब तारदे…

३—बीस विहर मुनि ग्यारह हो गणधर,
सोलह सती गुण गाओ ।
गुरु गुण धारी पर उपकारी
नैया पार लगाओ, अजी हां नैया पार लगाओ…
द्वेष हटाओ प्रेम बढ़ाओ,
हो जावे उद्धार रे ।। अब तारदे मेरे जिनवरिया…

४—पक्खी सम्बन्धी क्षमत क्षमापना,

सब से करती भाई।
लक्ष चौरासी को मै क्षमाती,
यही मेरे मन आई।
अजो हा यहो मेरे मन आई।
जिन गुण गाती हर्ष मनाती,
उगताई भव जार रे ।। अब तारदे मेरे जिनवरिया

५–हे प्रभो आओ पार लगाओ, बीच भवर है नैया।
करुणा लाओ स्रोत बहाओ, पतितो के तरैया,
अजी हा पतितो के तरैया।
सती उम्मेद घबराई, बहु दुःख पाई।
अब चौरासी फन्द टार रे ।। अब तारदे

चौबीसी

तर्ज—धुसो बाजे रे

जय बोलो जय बोलो रे
चोवीसो जिनवर की ।।
१–ऋषभ अजित सम्भव अभिनन्दन,
सुमत पद्म सुपार्श्व को वन्दन।
चन्द्र प्रभो चित सुमरण को ।। जय

२—सुविधि शीतल श्रेयांस को मनाऊं,
वासु पुज्य विमल गुण गाऊं।
अनन्त धर्म शान्ति कर की ॥ जय...

३—कुन्थु अरह मल्लि ब्रह्मचारी,
मुनि सुव्रत जी की जाऊं बलि हारी।
नमि नेमी करुणा कर की ॥ जय...

४—नाग उद्धारक पार्श्व स्वामी,
शासन पति वृद्धमान सुज्ञानी।
विहरमान और गणधर की ॥ जय...

५—दोय हजार चालीस का आया,
शहर इन्दौर चौमासा ठाया
उम्मेद शरण ली जिनवर की ॥ जय...

चौबीसी

तर्ज—जय बोलो महावीर......

मन चरण नमो चौबीस जिन के,
सब दुःख हरे प्रभु भव वन के ॥ टेर ॥

श्री सिमन्दर स्वामी

तर्ज—घूसो बाजे रे

वन्दन कर लो वन्दन कर लो रे,
सिमन्दर जिनवर को ।। टेर ।।

१–कंचन वरणी प्रभु जी की काया,
धोरी लछन जिनवर पाया ।
पुण्डरिक गिरि के नर वर को ।। वन्दन...

२–तीन भवन के हैं वे नायक,
चौसठ इन्द्र चरण के पायक ।
ज्ञान दर्शन चारित्र को ।। वन्दन

३–प्रभु तुम सेवा नी मैं छूँ रसिका,
भरत क्षेत्र माही छूँ (मै) बसी का ।
सती उम्मेद वन्दन शिववर को ।। वन्दन

———

विहरमान

तर्ज—पायल की झनकार.....

क्षेत्र विदेह में विराजो प्रभुवर,
श्री सिमन्दर स्वाम ।
भरत क्षेत्र सूं करूं वन्दना,
जग तारन सुख धाम ।। टेर ।।

१–बारह परिषदा सुनी देशना जिनवर की,
चौतिष अतिशय पैतीस वाणी सुखकर की ।
भव्य प्राणी प्रति बोधित होकर,
लहे अविचल मंगल स्थान ।। क्षेत्र विदेह...

२–निश दिन चाहुं पुनित चरण की सेवा में,
देव मित्र नहीं आऊं कैसे देवा में ।
आडे पर्वत बांको नदियां कैसे सारु काम ।। क्षेत्र...

३–इतनी प्रभु जी कृपा मोपर कर दीजो,
पावन चरण शरण में मुझ ने ले लीजो ।
प्रतिपल यहां से करूं वन्दना,
दो शिव सुख का वरदान ।। क्षेत्र विदेह...

४–गुरुवर्या महा महिम अर्चना जी का मैं,
आशीर्वाद सदैव साथ रहे चाहुं मैं ।
साध्वी उम्मेद जन्म मरण मिटा, मैं पाऊं पद निर्वाण ।। क्षेत्र...

श्री सिमन्दर

तर्ज—दिल लूटने वाले जादूगर

ओ ! चन्दा तू सन्देश, एक मेरा लेकर के जाना रे ।
और हाथ जोड वन्दन कहना,
यह विनति मेरी सुनाना रे ।। टेर ।।

१–श्रेयांस राय के नन्दन को,
शान्ति माता कुल चन्दन को ।
पुण्डरिकनी नगरी के नायक को ।। विनती मेरी

२–धनु पाचसो सुन्दर काया,
धोरी लञ्छन जिनवर पाया ।
अनन्त बलि कहलाया है ।। विनती मेरी

३–त्रय रत्न अतिशय धारक है,
भव्य जीवो के उद्धारक है ।
प्रभु कर्म शत्रु सहारक है ।। विनती मेरी

४–तुम चरणो मे मन मेरा है,
अन्तराय कर्म ने घेरा है ।
'उम्मेद' आसरा तेरा है ।। विनती मेरी यह

—

विहरमान

तर्ज—मन डोले मेरा दिल····

गुण गाऊं तोये बलि जाऊं,
तुझ पद अटके नैन रे, अब पार लगादे नावरिया...

१–सिमन्दर युगमन्दर स्वामी, बाहु सुबाहु प्यारे ।
सुजात स्वामी स्वयं प्रभुजी,
है नैनों के तारे, अजी हां है नैनों के तारे ।
ऋषभा नन्दन अनन्त वीर्य जी,
सूर प्रभु शिव गामी रे ।। अब पार लगादे...

२–वज्रधर अरु विशाल धर प्रभु, चन्द्रा नन्दन ज्ञानी ।
चन्द्रबाहु भुजंग ईश्वर, नेमनमूं शिरनामी ।
अजी हाँ नेम नमूं शिरनामी ।
वीर सेन महाभद्र देवयश,
अजित वीर्य जिनराय रे ।। अब पार लगादे...

३–आप विराजो महा विदेह में,
मैं इण भरत के मांही ।
प्रतिपल अखियाँ तरस रही हैं;

तुम दर्शन के ताही । अजी हाँ
किरपा करदो शक्ति देदो,
करु साधना आऊ तुम पाय रे ।। अब पार ..

४–दोय हजार के पन्द्रह मे हम,
शहर जयपुर मे आये ।
गुरुणीसा की कृपा हुई तब,
'उम्मेद' जिन गुण गाये । अजी हा उम्मेद .
अरजी करती चरण फरसती,
जन्म मरण भय टार रे ।। अब पार लगादे ..

विहरमान

तर्ज—रूमाल

पाखण्ड प्रपंचो मे भूला प्राणी, सिमन्दर का ध्यान ।
सिमन्दर का ध्यान, करता आतम का कल्याण ।।टेर।।

१–क्षेत्र विदेह मे अभी विचरते, जैसे गगन मे भान ।
माता शान्ति के नन्दन नीके, तात श्रेयास सुजान ।।
पाखण्ड .

२–चोसट मघवा इन्द्राणी सह, आये बैठ विमान ।
जन्म महोत्सव कर छप्पन कुमारी, गाया मंगल गान ।।
पाखण्ड ..

३–चारित्र रत्न ले विचरण लागा, कर करणी परधान ।
कर्म रिपु को मार गिराया, पाया केवल ज्ञान ।।
पाखण्ड...

४–'अर्चना' अज्ञान के वश से भूली, निज आतम का भान ।
मोह तिमिर को दूर हटा कर, ज्ञान ज्योति दो महान ।।
पाखण्ड...

गोतम गणधर स्तुति

तर्ज—बीरा लुम्बा झुम्बा....

म्हाने लागे गोतम स्वामी प्यारा,
जो रिद्ध सिद्ध के दातारा जी ।। टेर ।।

१–वसुभूति के कुल चन्दा । माता पृथ्वी के नन्दा जी ।।

२–श्री वीर के शिष्य कहाये । त्रिपदी से सूत्र रचाये जी ।।

३–है कंचन वरणी काया । प्रभु गणधर पदवो पाया जी ।।

४–'गो' मे सुर धेनु तुम जानो । सुर तरु 'त' में मानो जी ।।
५–चिन्तामणि रत्न है भारी । वह 'म' में है सुखकारी जी ।।
६–इन्द्रभूति नाम के धारी । मन वाछित पूरण कारी जी ।।
७–जो गोतम ध्यान लगावे । वो सब सुख सम्पति पावे जी ।।
८–शुभ लब्धिधारी नामी । 'मधुकर' के अन्तर्यामी जी ।।
९–सब मिल कर के गुणगावो । शिव सुख के आनन्द पावो जी ।

गोतम गणधर स्तुति

तर्ज—जय बोलो महावीर

भज गोतम गणधर गुण खानी,
आगम मे गुथी जिनवाणी ।। टेर ।।
१–चतुज्ञान पूर्व चवदह ज्ञाता,
जो सुमरे पावे सुखसाता सनिध कारी,
शिव सुख दानी ।। भज गोतम .
२–सुरनर का मन मोहते हैं,
और पाप कालिमा धोते हैं ।
भवि तारे मन करुणा आनी ।। भज.
३–केई प्रसन्न पूछ सशय टाले,
जग त्राता शरणा गत पाले
अब आश 'अर्चना' को ज्ञानी ।। भज...

गोतम गणधर स्तुति

ऋद्धि सिद्धि के दाता रे, गोतम गुण भरिया ।
सेव्या से सुख साता रे, देवे दिल दरिया ।।टेर ।।

१–कामधेनु चिन्तामणि जैसे,
काम कुम्भ सुरतरु के जैसे,
सारा विघ्न हटाता रे ।। देवे दिल...

२–भक्त सकल के काज संवारे,
उन्नति पथ ले जाने वाले
करे ज्ञान से खाता रे ।। देवे दिल...

३–भजन किया भव दुःख को चुरे,
तन मन की वे आशा पुरे
एक चित्त ध्यान लगाता रे ।। देवे दिल...

४–कही जनों को विपदा टारी,
ए गोतम प्रभु अब मुझ बारी ।
चरणों शीस झुकाता रे ।। देवे दिल...

५–संवत् वीसा प्रारम्भ प्यारा,
चैत्र शुक्ल प्रतिपदा शशि वारा ।
मिश्री मुनि गुण गाता ।। देवे दिल...

सुधर्मा गणधर स्तुति

धन्य धन्य हो अन्तरयामी,
प्यारा लागो सुधर्मा स्वामी ।। टेर ।।

१–पिता धम्मिल पुरुष कहाया,
माता धारणी जी के जाया ।
चवदह पूर्व का पारगामी ।। प्यारा लागो .

२–ज्यारा त्रिशला नन्द गुरुजी,
ज्यारी महिमा कहु कहां लग जी ।
सुरा सुर करे परणामी ।। प्यारा लागो .

३–ज्यारा गोतम स्वामी गुरु भाई
ज्यारी कहा लग करु रे बडाई ।
क्रोध मान दियो है भाभी ।। प्यारा लागो...

४–ज्यारा शिष्य आलीजा वैरागी,
जम्बू स्वामी जी बड़ भागी ।
ज्ञान ध्यान रा पारगामी ।। प्यारा लागो ..

५–साल बासठ केरे खास,
रावलपिण्डी शहर चौमामें
देवीलाल को देवो आरामी ।। प्यारा लागो .

गणधर

कैसी महिमा प्रभु की गाई,
गणधर मन भर के ।। टेर ।।

१–जब गर्भ में आए प्रभु जी,
रत्नों की वर्षा वर्षी ।
माता की सेवा करती,
देवी आ आके ।। कैसी...

२–जब जन्म भयो प्रभु जी को,
इन्द्र जी को सिंहासन कम्प्यो ।
सज लाए ऐरावत हाथी,
मन में हर्ष धर के ।। कैसी...

३–माया मयी बालक बना कर,
माया से मां को सुला कर ।
प्रभुजी को हाथ उठाया,
पंच रूप धर के ।। कैसी...

४–मेरु गिरी पे ले जायो,
प्रभु जी को अभिषेक करायो ।
सब देव बहुत हरषाए,
जय जय कार करके ।। कैसी...

५–अहिंसा के अवतारी,
महावीर महाबल धारी ।
मैं चरण कमल बलिहारी
जाऊं जिनवर के ।। कैसी...

ब्राह्मी और सुन्दरी का बाहुबली से कहना

कहे ब्राह्मी ने सुन्दरी पुकारी,
सुन भैया अरज हमारी ।। टेर ।।

१–तुम राजतखत तज दीना,
और संयम मारग लीना जी ।
फिर क्यो करी गज असवारी ।। सुन भैया

२–तुम वन मे ध्यान लगाया,
देखो कैसा कष्ट उठाया जी ।
जरा दिल मे करो विचारी ।। सुन भैया

३–जो गज असवारी होय जावे,
वह कभी न मुक्ति पावे जी ।
फिर चारो गति ना दातारी ।। सुन भैया

४–सुन बहिनो की वाणी,
बाहुबली समता आणी जी ।
गुरु आज्ञा दिल मे धारी ।। सुन भैया

५–वे तत्क्षण केवल पाया,
श्री आदि जिनन्द पे आया जी ।
कहे चोथमल बलिहारी ।। सुन भैया अरज ..

सती राजीमती

तर्ज—मरगई मरगई·······

फिर गये फिर गये फिर गये,
अरर···तोरणिये लग आकर के—
यादवपति धोका कर गये जी कर गये जी । टेर ॥

१–छप्पन क्रोड़ यादव से जानी,
नीका साज सजाए जी ।
कारे गोरे हरि बलदेवा,
हद बिन हर्ष मनाए जी ॥ फिर गये··

२–क्रोड़ों जन के बीच नेम जी,
इन्द्र समो दर्शाया जी ।
गज पैरों से धुजे धरनी,
कायर मन कंपाया जी ॥ फिर गये···

३–चन्द्र वन्दन वत् वदन विलोकी,
राजुल सुख मुल काया जी ।
रोम रोम में भरा प्रेम रस,
हृदय ‘आनन्द छाया जी ॥ फिर गये···

४–उस विरिया प्रभु सारथी को,
मधुर वेंण वतलाया जो ।
किस कारण पशुओ को लाए,
सारा हाल सुनाया जो ।। फिर गये ''

५–मूल भेद सुन नेम जिनन्द का,
धर हर दिल कंपाया जो ।
करुणा सागर झुलत वहा से,
रथ को तुरन्त फिराया जो ।। फिर गये ''

६–देख व्यवस्था राजुल जी का,
अनहद दिल दहलाया जो ।
मुरछा खाकर ढली धरन पर,
कायर मन कपाया जो ।। फिर गये ''

७–रूप रग चतुराई करके,
क्या अवगुन मम पाया जी ।
अधर वम्व छोडी अवला को,
गिरनारी पे धाया जो ।। फिर गये ''

८–'अमर कुंवर' कहे धन्य,
राजमति अविचल प्रेम निभाया जी ।
चोपन दिन पहले प्रभु के,
शिवपुर नगर सिधाया जो ।। फिर गये

सती अंजना

तर्ज—पनिहारी जी ए.......

सुण माता कहे अंजना हूं आई ए २ ।
जानी जनम देवाल, कीनी मनाई ए ।। टेर ।।

१—मैं नहीं जानी मायड़ी छेह देसी ए २ ।
निकली कीध बेहाल, वैरण जैसी ए ।।

२—सुख दुख नी जे बातड़ी नहीं पूछी ए २ ।
नहीं कयो पीले नीर, चढ़ गई ऊँची ए ।।

३—तूं निर्दयी किम निसरी मोरी जननी ए २ ।
एक अचरज एक पीर, मोरे मन नी ए ।।

४—कमल नयन से नीर नी, झर छुटी ए २ ।
मानो मोतियन की माल, तट के टूटी ए ।।

५—मूर्छित हो धरनी ढ़ली अति रोवे ए २ ।
कहे बसन्तजमाल, क्यों तन खोवे ए ।।

६—बाईसा रोवो मती रहो गाढा ए २ ।
ए भावित नहीं आज आवे आड़ा ए ।।

७—बांह पकड़ बैठी करी, झट चाली ए २ ।
अब भोजाई घर जाय, भावज भाली ए ।।

राती चन्दनबाला

तर्ज—जिया बेकरार है

चन्दना पुकारती,
नैना आसू डारती ।
आओ स्वामी लौट कर,
मारग नैन पसारती ॥ टेर ॥

१–कहा जन्म कहा लाड लडाया,
कहा पर जाय विकाई जी ।
क्या जाने क्या कर्म किये जो,
देव गये पलटाई हो ॥ चन्दना

२–क्या तेरे दरबार मे स्वामी,
दुखियो को नहीं सारा जी २ ।
हा अँखिया अब तरस रही हैं,
वर्षे अश्रुधारा हो २ ॥ चन्दना

३–आओ आओ स्वामी आओ,
विपदा बादल हर दो जी २ ।
ले हाथो से दान मान से,
अबला सबला कर दो हो ॥ चन्दना

४–चन्दन बाला के हाथो से,
प्रभु ने पारणा पाया जी २ ।
अशोक मुनि कहे देव गणो ने,
जय जय नाद सुनाया हो ॥ चन्दना

—

सती सीता

तर्ज—गणगोर की·······

राम का कहना—

१–मत चालो वन लार,
सियाजी थे तो मत चालो वन लार ।
हां ए सिया वन में है विपत अपार,
सियाजी थे तो मत चालो वन लार ।।

२–सुख लायक सुकुमार,
सियाजी थे तो सुख लायक सुकुमार ।
हां ए सिया वन में दुःख अपार,
सिया जी थे तो मत चालो वन लार ।।

३–विषमी आहार विहार,
सिया जी ओ तो विषमी २···
हां ए सिया वन है खाड़ा री धार ।।
सिया जी थे तो···

४–ओ हठ देवो निवार,
सिया थे तो ओ हठ २···
हां ए म्हारी मानो बात विचार ।।
सिया जी थे तो···

सीता का उत्तर

१—चालण दो वन लार,
प्रभु जी माने चालण दो वन लार ।
ओजी म्हारा प्राणा रा आधार ।। प्रभु जी म्हाने ··

२—आडी होय अंगार, प्रभु जी आतो आडी २
ओजी तो भी नाह तजे नहीं नार ।। प्रभु जी म्हाने ·

३—सारा सुख ससार, प्रभु जी एतो सारा २··
ओजी वे तो आप विना है असार ।। प्रभु जी म्हाने···

४—स्वर्गा रा विमल विहार, प्रभु जी एतो स्वर्गा २···
ओजी विना कन्त नरक का है द्वार ।। प्रभुजी म्हाने

५—रत्न जटित शृंगार, प्रभु जी एतो २
ओ जी विना कन्त, वदन पर भार ।। प्रभु जी म्हाने ·

६—जो उगे सूरज हजार, प्रभु जी एतो २
ओ जी विना कन्त छे अन्धकार ।। प्रभु जी म्हाने ··

—

स्वभाव दशा में आना

तर्ज—मानव की पूजा कौन करे·······

१–विभाव दशा को तज चेतन,
स्वभाव दशा में आना है।
विभाव से आत्मा पतन होवे,
स्वभाव से मुक्ति पाना है ।। विभाव···

२–तूं क्रोध को तज रे चेतन,
क्षमा गुण को अपनाना है।
मान से हट कर के चेतन,
विनम्र तुम्हें बन जाना है ।। विभाव···

३–तूं माया जाल से बाहिर आ,
प्रवेश सरलता में पाना है।
लोभ तो सर्व विनाशक है,
सन्तोष आत्मगुण लाना है ।। विभाव···

४–राग द्वेष षट् रिपु दल से,
मुंह मोड़ के आगे बढ़ना है।
'उम्मेद' बन्ध क्षण में तूटे,
फिर ज्योत में ज्योत समाना है ।। विभाव···

—

प्रभु भक्ति करतां छूटे कर्म

भक्ति करता छुटे मारा पाप,
प्रभु जी एवु मागु छू ।
रहे जन्म जन्म तारो साथ,
प्रभु जी एवु मागु छू ॥ टेर ॥

१–तारुं मुखडो मनोहर जोया करू,
रात दिवस रटण तारु किया करू ।
रहे अन्त समय तारु ध्यान ॥ प्रभु जी एवु "

२–म्हारी आशा निराशा करशो नहीं,
म्हारा अवगुण हियामा धरसो नहीं ।
श्वासो श्वास रहे तारु नाम ॥ प्रभु जी एवु "

३–म्हारा पाप ने ताप समावो जो,
तारा साधक ने दास बनावो जो ।
दिजो आवी ने दर्शन नो दान ॥ प्रभु जी एवु "

४–तारी भक्ति नो रग मने लागी गयो,
भय जन्म जन्म नो लागी गयो ।
रहे चरण कमल मां वास ॥ प्रभु जी एवु

—

भक्त सिंह की घोड़ी

१–जदो वीर भक्त सिंह साहब नूं ।
दित्ता फांसी हुक्म सुना २ ॥

२–होवन वाली नार नूं ।
किसे पिण्ड विच दसिया जा २ ॥

३–टुर पई खातिर प्रेम दी ।
आखे रब्बा वै मेल करा २ ॥

४–जा पहुँची बीच लाहौर दे ।
मिली जेल दरोगे नूं जा २ ॥

५–जदों हुक्म होया सरकार दा ।
तुसी देवो एदा मेल करा २ ॥

६–जदो सीखां विच तकिया शेर ने,
खड़ी सुन्दरी आस लगा २ ॥

७–ओदे आखां विच अथरू वे[illegible]
देवी कौन हो [illegible] २ ॥

पत्नी

८–होवन वाली नार मे,
मेरे दिल दिया शाह न शाह २ ॥

९–मेरी संदरा (तमन्ना) मौजिया रह गइया ।
मेरा दिल होया दरिया २ ॥

१०–मैं हत्थ विच चूडा न वेखिया ।
मेरा पुरा न होया चा २ ॥

११–मेरी मेहदी विजडी रह गई ।
मैंने रह गया डोली दा चा २ ॥

भगतसिंह का कथन

१२–अग्गो भारत मा दे लाल ने ।
देखो हँस के क्या सुना २ ॥

१३–मेरी मगनी कदे दी हो गई ।
कल होना मेरा व्याह २ ॥

१४–घोड़ी चढनगी कल दोपहर नूं ।
अज चढनगी घुमा पा २ ॥

१५–मेरे सोहने वीर पंजाब दे ।
मेंनु देहनगे सेहरा सजा २ ॥

१६–माता मेरे देश दी ।
मैंनूं लेनगी छाती नाल ला २ ॥

पत्नी का कथन

१७–ओह केहड़ी कर्मा वालड़ी ।
जिन्हें तेनू लया भरमा २ ॥

१८–ओहने मेरा दर्द न वेखिया,
लया अपना दर्द बंडा २ ॥

१९–ओहने टुकड़ा मेरे कलेजे दा,
लया अपने कलेजे पा २ ॥

भक्तसिंह

२०–ओह सुन्दरी अजब जहान ते,
ओहदा कोई-कोई करदा ए चा २ ॥

२१–ओहदे नाल मैं नाता जोड़ के,
लया अपना दर्द बंड़ा २ ॥

२२–ओ नारी मेरे देश दी ।
आ मेरे गले लग जा २ ॥

पत्नी का कथन

२३–मैं कल्ली इत्थे नहीं रहवाना,
मैंनूं अपने नाल ले जा २ ।।
२४–सो गल्ला दी एको गल्ल हे,
तूं वैन ते मै हा भरा २ ।।
२५–तू मेरे रस्ते चल्ल के,
कर देश दी सेवा मन ला २ ।।

स्वप्ना

साथनियाँ माणी रातडली
सपनो तो माने यू आयो ।
सुण कायर दिल री स्वपने री,
वाता सपने मे रह जासी ।। टेर ।।
१–स्वप्नो देख्यो हे नरा ऽ ऽ ऽ देख्यो एक निवाण,
राजा दशरथ को लग्यो, श्रवण सीने वाण ।
अजी कुण जाणे छा,
दशरथ रा वाणा सू श्रवण मर जासी ।
अजी कुण जाणे छा,
बुढा री आँख्याँ सूं आसूं ढल जासी ।। साथणियाँ

२–सपनों देख्यों हे नरा ऽ ऽ ऽ दशरथ युद्ध रचाय ।
युद्ध जब पूरा हुआ, राजा के लग गये घाव ।
अजी कुण जाणे छा,
कैकेयी रा वचना सूं दशरथ छल जासी ।। साथणियाँ...

३–सपनों देख्यों हे नरा, ऽ ऽ ऽ देख्यों एक अनन्त ।
मन्थरा आ बहका गई, कैकेयी को एकान्त ।
अजी कुण जाणे छा,
कैकेयी रा बचना सूं राज बिगड़ जासी ।। साथनियाँ...

४–सपनों देख्यों हे नरा, ऽ ऽ ऽ राम चले वनवास ।
संग में लक्ष्मण भ्रात है, और सत्यवन्ती पास ।
अजी कुण जाणे छा,
विश्वामित्र की बाता झूठी हो जासी ।। साथनियाँ...

५–सपनों देख्यों हे नरा ऽ ऽ ऽ देख्यो एक लंगुर ।
बाग विनास्यों नव लखों, तो कर दियो चकना चूर ।
अजी कुण जाणे छा,
लंका को लंकेश विभीषण हो जासी ।। साथनियाँ ..

६–सपनों देख्यों हे नरा ऽ ऽ ऽ आये अयोध्या राम ।
घर-घर हर्ष बधावणा, खुशी हुई चऊँ धाम ।
अजी कुण जाणे छा,
बुझियोड़ा नैणा री ज्योति आ जासी ।। साथनियाँ...

७–अनीति से जात है, धर्म राज अरु वंश ।
तीनो ताला दे गये ऽ, रावण कोख कश ।
अजी कुण जाणे छा,
माया और महिमा मिट्टी मे मिल जासी ।। साथनियाँ...

जय बोलो

[मधुकर मुनि]

तर्ज—जय बोलो महावीर स्वामी की

जय बोलो जयमल गणिवर की ।
आशा के धन परमेश्वर की ।। ध्रुव ।।
जो सन्त–शिरोमणि साधक थे ।
जिन–वाणी के समुणसक थे ।
उन 'महिमा–मण्डन' मुनिवर की ।। जय० १ ।।
माया ममता मद विपयो पर ।
जय–विजय मिली थी जीवन भर ।
मन 'मोहन'–नन्दन प्रियवर की ।। जय० २ ।।
जय—प्रभाव कितना भारी है ।
सुख सम्पत साता—कारी है ।
जय जयकारी उन जयवर की ।। जय० ३ ।।

जो नाम–जाप करता जय का,
संकट टलता उसके भय का।
सुख–शान्ति–सुधा के सागर की ।। जय० ४ ।।

इक माला जय की नित फेरे,
दूर भागते भव के फेरे।
त्याग–मूर्ति जय सुख कर की । जय० ५ ।।

महा महिम ! जय पूज्य ! वरो,
मेरा बेड़ा अब पार करो।
अरजी है यह मुनि मधुकर की ।। जय० ६ ।।

सायंकालीन स्तुति

तर्ज—जय जगदीश हरे……

जयमल ! पूज्य ! सरे, जग जयमल ! पूज्य सरे।
परम पवित्र चरित्र तुम्हारा, अघ सब अलग हरे। ध्रुव।

सायंकाल नाम जो तेरा,
शुद्ध मन से सुमरे ।। स्वामी ।।

वर नर आतम शान्ति को पाकर,
भव जल तुरन्त तिरे ॥ ॐ जय० १ ॥
धन्य भाग मरुधर भूमि का,
जिसमे जन्म धरे ॥ स्वामी० ॥
निर्भय होकर गुण पूजा का,
सत्य प्रचार करे ॥ ॐ जय० २ ॥
हम भी कभी तुम्हारे जितने,
त्यागी वन विचरे ॥ स्वामी० ॥
विश्वमात्र मे जैन धर्म का,
आस्तिक भाव भरे ॥ ॐ जय० ३ ॥
यही एक है विनय हमारी,
विश्व प्रेम पसरे ॥ स्वामी० ॥
सर्व तुम्हारे मिल अनुयायी,
एक छत्र विहरे ॥ ॐ जय० ४ ॥
स्वावलम्बी निर्दम्भी तुम सम,
हो न किसे अखरे ॥ स्वामी० ॥
सघ भावना सुफलित होकर,
सब विधि सिद्धि करे ॥ ॐ जय० ५ ॥

आचार्य श्री जयमल गच्छ के पट्टधर…

तर्ज—साता कीजो जी……

जय जय कारी रे जय जय कारी रे ।
पूज्य जयमल गच्छ जगत में जहारी रे ।। टेर ।।

१—पूज्य प्रवर आचार्य जयमलजी,
त्यागी तपस्वी भारी रे ।
वर्ष बावन नही सोहे ज्ञानी,
रचि कविताएँ श्रेयकारी रे ।। जय…

२—रायचन्दजी की करी सगाई,
ब्याह की हुई तैयारी रे ।
पूज्य बोल्या नवकार भणो,
गुरु दीक्षा दो उपकारी रे ।। जय…

३—आसकरणजी आज्ञा लेकर,
कहे पूज्य में वारी रे ।
संयम दीजे ढील न कीजे,
करू कर्म निवारी रे ।। जय…

४–सबल चन्दजी सबल मन करी,
बालक वय सयम धारो रे ।
पाट दिपायो पूज्य गुरु को,
बने हित कारी रे ।। जय…

५–हीरा मुनिजी हीरा सम चमके,
शुद्ध आत्मा वारी रे ।
कस्तुर चन्दजी की सौरम्भ फैली,
हुए यश धारी रे ।। जय…

६–भीकमचन्दजी महा बडभागी,
कान मुनि की छवि न्यारी रे ।
चवदह वर्ष मे सयम ले,
सत्तरह मे पदवी धारी रे ।। जय…

७–अष्टम पट मधुकर मुनिवरजी,
जग को वल्लभ कारी रे ।
शान्त दान्त गम्भीर गुणाकार,
प्रतिपल वन्दना मारी रे ।। जय…

८–जय गच्छ के आठो ही पट्टधर,
हुए बाल ब्रह्मचारी रे ।

जिन शासन की ज्योति जगा,
निज आतमा तारी रे ।। जय…

६-पूज्य गुरुणीसा श्री अर्चना—
जी की ख्याति भारी रे ।
तस्य शिस्या उम्मेद की नैया,
दो अब तारी रे ।। जय… ।।

श्री युवाचार्य शत शत वन्दन

तर्ज—दिल लूटने वाले जादूगर……

श्री युवाचार्य शत शत वन्दन,
अभिवादन है तुम्हें हरवारी ।
तुम चरण कमल की बलिहारी,
प्रतिपल वन्दना है गुरु म्हारी ।। टेर ।।

१-उन्नीसौ सितर में जन्म लिया,
तिंवरी के भाग्य को चमकाया ।

पिता जमना लाल घर आनन्द छाया,
माता तुलछा खुशियां भारी ।। श्री युवा ...

२—बचपन मे लीला करते थे,
ऐवन्ता मुनि सम बनते थे ।
बच्चो को शिक्षा देते थे,
बनो माता पिता आज्ञाकारी ।। श्री युवा ...

३—उन्नीसौ अस्सो मे ग्रह त्याग किया,
जोरावर गुरुवर भेट लिया ।
अरु क्रोध लोभ मोह जीत लिया,
गुरु अनुशासन मे श्रेयकारी ।। श्री युवा

४—आप शान्त दान्त गभीर गुणाकर,
मधुर सरस सरल स्वभावी हैं ।
अरु महान विभूति ज्योतिर्धर,
वाणी मे जादू भारी है ।। श्री युवा

५—आनन पर आभा चमक रही,
दर्शन से मन को मोह रही ।
जन्म जन्मान्तर दु ख भाँज रही,
मिले आत्म शान्ति सुखकारी है ।। श्री युवा ...

६—आप नाम मिश्री मधुकर प्यारा,
आचार्य सघ के मन भाया ।

तुम्हें चुन के जन मन हरषाया,
सबके मन आनन्द अनपारी ।। श्री युवा…

७–कागद कर दूं धरती सारी,
अरु नीर करुं स्याही सारी ।
तो भी म्हारा युवाचार्य श्री रा,
गुण वर्णन में अनजारी ।। श्री युवा…

८–जब तक दिनकर शशि रहे,
तुम नाम की सौरभ अखण्ड रहे,
साध्वी 'उम्मेद' कर जोड़ कहे,
गुरु करदो नैया भवपारी ।। श्री युवा…

---

९ गुरुगुण गान

तर्ज—मनाओ महावीर……

सब ही मिलकर गुण गाओ रे,
थांरे चरणां में शीश झुकाओ रे ।
है तारण तरण जहाज ।। टेर ।।

१–उप-प्रवर्तक जी सयम लेने,
जुटे विजय कर्म पे करने ।
भेंटे जोरावर गुरु ने रे,
है तारण तरण जहाज ।। सब ही …

२–है ज्ञान ध्यान मे पूरा,
और वचन दृढ मे सूरा ।
अक्षर मोती सम नूरा रे,
है तारण तरण जहाज ।। सब ही …

३–युवाचार्य की महिमा निराली,
जिन धर्म की ज्योति जगाली ।
साहित्य मे कियो उजालो रे,
है तारण तरण जहाज ।। सब ही …

४–आप ज्ञान गुणा का दरिया,
और वचन अमोलक भरिया ।
सुनते ही अमृत झरिया रे,
है तारण तरण जहाज ।। सब ही…

५–आनन चमके है भारी,
दर्शन से दुःख निवारी ।
हो आत्म शांति अनपारी रे,
है तारण तरण जहाज ।। सब ही…

६–गुरु क्रोध लोभ मद त्यागी,
संयम रस रा अनुरागी ।
शिव रमणी सूं लौ लागी रे,
है तारण तरण जहाज ।। सब ही…

७–गुरु शतः शतः वन्दना म्हारी,
'उम्मेद' की करो स्वीकारी ।
वरदान देवो हितकारी रे,
है तारण तरण जहाज ।। सब ही…

गुरुणीसा के गान

तर्ज—जय बोलो महावीर… …

जय बोलो अर्चना सती वर की,
जय स्नेह सुधा के सागर की ।। टेर ।।

१–आओ हृदय के पट खोलो,
अर्चना सतीजी की जय बोलो ।
जय श्रमण संघ की सतीवर की ।। जय… ।।

२–गांव दादिया जन्म लिया,
जन जन के मन को मोह लिया ।
सद्ज्ञान गुणो के आगर की ।। जय '' ।।

३–त्यागो तपस्वो थे अविकारी,
धन्य मागी मुनीसा उपकारी ।
सग सयम ले आत्मा तर की ।। जय ' ।।

४–जन जन के प्राणो का प्यारा,
सरदार कु वर गुरुणीसा धारा ।
उन्नीसौ चौराणवें सयम धर की ।। जय ।।

५–काश्मीर, पजाब खरा,
हिमाचल राजस्थान धरा ।
जिन भेरी बजाई जिनवर की ।। जय ।।

६–है शात दात सुन्दर मुखडा,
दर्शन करते जाता दुखडा ।
सयम के सच्चे अनुचर की ।। जय ।।

७–ज्यारी वाणी मे जादू भरियो,
जाणे अमृत को झरणो झरियो ।
जिन शासन ज्योति उजागर की ।। जय ।।

८—दो हजार चौतीस का आया,
चौमासा दादिया में ठाया।
सात ठाणे से आये सतीवर की ॥ जय··· ॥

९—धर्म ध्यान का ठाठ रहे,
चौमासे का रंग जमा रहे।
'उम्मेद' शरण ली गुरूवर्या की ॥ जय··· ॥

गुरूणीसा के गान

तर्ज—तुमको लाखों प्रणाम·······

पुज्य गुरुणीसा महाराज तुमको लाखों प्रणाम,
तुमको कोटि प्रणाम ॥ टेर ॥

१—उन्नीसौ गुणयासी आया,
जन्म दादिया नगरी पाया।
सब जन मन हरषाया ॥ तुम··· ॥

२—मांगीलालजी पिता तुम्हारे,
मां अनुपा के दिव्य सितारे।
तातेड़ कुल उजियारे ॥ तुम··· ॥

३–सात दिवस के जब हो पाये,
माता छोडकर स्वर्ग सिधाये ।
सब मन दु:ख न समाये ।। तुम··· ।।

४–जिसने कर्म बलि को जीता,
उनके पुण्य सदैव पुनीता ।
द्वितीय चन्द्र जिम बढता ।। तुम ·· ।।

५–ग्यारह वर्ष के जब हो पाये,
बन कुल वधु दौराई आये ।
हींगड कुल चमकाये ।। तुम ·· ।।

६–वज्रपात हुआ वर्ष तेरह मे,
पति वियोगा बालक वय मे ।
परिजन झूलत दु ख मे ।। तुम ·· ।।

७–पिता श्री से अर्ज कराई,
सयम लेसू यही मन आई ।
छोडू जगत दु:खदाई ।। तुम ·· ।।

८–चौराणू नोखे मे पधारे,
पिता पुत्री सग संयम धारे ।
गुरु हजारी प्यारे ।। तुम ·· ।।

९–सरदारकुंवरजी की शिष्या प्यारी,
'उमराव' सूरत है मोहन गारी ।
बुद्धि विलक्षण वारी ॥ तुम··· ॥९

१०–सरस्वती तुम कण्ठ विराजे,
उच्च नाम सती पद में छाजे ।
जन मन के दुःख भाजे ॥ तुम··· ॥१०

११–आप नाम की माला फेरे,
दूर भागते भव के घेरे ।
मिटे जन्म मरण के फेरे ॥ तुम··· ॥११

१२–पचपन मां जन्म दिवस मनाया,
जन्म भूमि में हर्ष सवाया ।
त्याग नियम अपनाया ॥ तुम··· ॥१२

१३–साध्वी 'उम्मेद' तव गुण गावे,
शतः शतः चरणों में शीस झुकावे ।
निश दिन ध्यान लगावे ॥ तुम··· ॥१३

गुरुणीसा के गुणगान

तर्ज—ओ थारी मुरली मनडो मोयो

ओ थारो दर्शन मनडो मोयो गुरुणीसा,
बलि बलि जावा थारा दर्शन की ॥ टेर ॥

१—मा अनुपा की कोख उजाली,
तातेडो की गोत पूजाली ।
जन जन के मन भाया गुरुणीसा ॥ बलि ·· ॥

२—मागीलालजी तात कहाया,
सग लें सयम तन को ताया ।
सद्गुण सभी सराया गुरुणीसा ॥ बलि ·· ॥

३—जन्म भूमि है गाव दादिया,
बन कुल वधु दोराई आया ।
हींगड़ कुल चमकाया गुरुणीसा ॥ बलि ॥

४—सरदारकु वरजी की चरण-शरण मे,
शान्ति मिली मन के कण-कण मे ।
हृदय-कमल विकसाया गुरुणीसा ॥ बलि · ॥

५–उत्तराखण्ड पंजाब हिमांचल,
काश्मीर मरुधर के अंचल।
धर्म का रंग चढ़ाया गुरुणीसा ।। वलि··· ।।

६–दुर्लभ दर्शन थांरो पायो,
निरख २ मन मोद भरायो।
सुर तरु आंगन छाया गुरुणीसा ।। वलि··· ।।

७–उमरावकुंवर महिमा मही-मण्डन,
उपनाम 'अर्चना' पातक खण्डन।
साधना में जीवन रमाया गुरुणीसा ।। वलि··· ।।

८–गुण अनेक पर जीभ एक है,
पार उतारो यही टेक है।
श्वास श्वास में बसाया गुरुणीसा ।। वलि··· ।।

९–दोय हजार सत्ताईस आया,
बिजयनगर चौमासा ठाया।
सती 'उम्मेद' हर्ष गुण गाया गुरुणीसा ।। वलि ।।

सामायिक प्रतिक्रमण

प्रश्नोत्तर

॥ भावना ॥

दोहा

साम्य भाव को प्राप्त कर, लखें आत्म का रूप ।
सामायिक उसको कहे, जो है शिव सुख रूप ॥१॥

कब सामायिक सत्य की, होय प्राप्ति सुखकार ।
कब सबको समदृष्टिसे, देखू मै अविकार ॥२॥

सब जीवो मे होय कब, मेरे मैत्री भाव ।
सकल पाप तज कब बनूँ, सम्यग् दृष्टि स्वभाव ॥३॥

पहिला प्रकरण

जैन धर्म

१ प्रश्न—जैन किसे कहते हें ?

उत्तर—क्रोध, लोभ, मद, मोह आदि अन्दर के शत्रुओं को जीतने का प्रयत्न करे सो जैन ।

२ प्र.—जिन किसे कहते हैं ?

उ.—जिन्होंने क्रोध, लोभ, मद, मोह आदि अन्दर के शत्रुओं का सर्वथा नाश करके अनन्त ज्ञान अनन्त सुख प्रगट किया है।

३ प्र.—जिनेन्द्र किसे कहते हैं ?

उ.—जिन अर्थात् सर्वज्ञ वीतराग देवों में (इन्द्र) श्रेष्ठ हो उन्हें जिनेन्द्र तीर्थंकर या अरिहन्त कहते हैं।

४ प्र.—धर्म किसे कहते हैं ?

उ.—उन्नति का साधन, सो धर्म।

५ प्र.—धर्म के कितने मुख्य भेद हैं ?

उ.—दो पहिला ज्ञान और दूसरा सदाचार (सदाचार का दूसरा नाम चारित्र या क्रिया भी है)

६ प्र.—उन्नति के उपाय कितने हैं ?

उ.—उन्नति का असली साधन धर्म है और धर्म के दो भेद हैं इसलिये उन्नति के भी दो ही साधन हैं ज्ञान व सदाचार।

७ प्र.—ज्ञान किसे कहते हैं ?

उ.—जिससे हित और अहितका वोधहो वही ज्ञान है

८ प्र—सदाचार किसे कहते हैं ?

उ—अच्छे आचरण को सदाचार कहते हैं।

९ प्र—ज्ञान के कितने भेद हैं ?

उ.—ज्ञान के दो भेद हैं ? एक व्यवहारिक ज्ञान दूसरा धार्मिक ज्ञान अर्थात् आत्मिक ज्ञान

१० प्र—व्यवहारिक ज्ञान किसे कहते हैं।

उ.—जिसके द्वारा आरोग्य, आजीविका, परिवार, समाज और देश आदि की भलाई बुराई का ज्ञान हो उसे व्यवहारिक ज्ञान कहते हैं।

११ प्र—धार्मिक ज्ञान किसे कहते है।

उ—जिससे आत्मा का शुद्ध स्वरूप अर्थात् मोक्ष प्रगट करने के उपाय जाने जावें उसको धार्मिक ज्ञान कहते है।

१२ प्र—सदाचार के कितने भेद है ?

उ—सदाचार के मुख्य दस भेद है १ अहिंसा. २ सत्य ३ अचौर्य ४ ब्रह्मचर्य ५ अपरिग्रह ६ क्षमा ७ नम्रता. ८ सरलता ९. निर्लोभता और १० समभाव।

१३ प्र.—अहिंसा किसे कहते है ?

उ.—किसी को मन, बचन या काया से दुःख नहीं पहुँचाना।

१४ प्र.—जगत में कितनी प्रकार के जीव हैं ?

उ.—दो-एक त्रस जीव जो चलते फिरते हैं और दूसरे स्थावर जो चल फिर नहीं सकते।

१५ प्र.—जगत् में तत्व पदार्थ कितने हैं ?

उ.—मुख्य दो तत्व-जीव अजीव तथा विशेष भेद से नव तत्व भी हैं।

१६ प्र.—नव तत्व कौन कौन से हैं ?

उ.—१ जीव. २ अजीव. ३ पुण्य. ४ पाप. ५ आश्रव. ६. संवर. ७. निर्जरा. ८ बंध. और ९ मोक्ष।

१७ प्र.—नव तत्वों का अर्थ समझाइए।

नवतत्व-चौपाई

जीव वही जो सुख दुख जाने।
लक्षण जिसका ज्ञान बखाने॥
है अजीव सुख दुःख हीना।
जड़ता लक्षण उसको दीना॥ १॥

पुण्य सुकार्य परम सुख दाता।
पाप कुकार्य सभी दु.ख लाता ॥
शुभ अरु अशुभ कर्म जो आवे।
आश्रव नामक तत्त्व कहावे ॥ २ ॥

संवर तत्त्व कर्म रुकवावे।
अंशो मे निर्जरा खिरावे ॥
राग द्वेष अरु मोह विकारा।
बांधे जीव कर्म दल भारा ॥ ३ ॥

बंध तत्त्व है इसका नामा।
करता है यह जीव निकामा ॥
कर्म छूट सुख मिले अनन्ता।
मोक्ष कहे उसको सब सन्ता ॥ ४ ॥

दूसरा प्रकरण

सामायिकः—

१८ प्र—सामायिक किसे कहते है ?

उ—समभाव रखने को सामायिक कहते हैं।

१९ प्र—समभाव किसे कहते हैं ?

उ—क्रोध, मान, माया, लोभ, राग, द्वेष, विषय वासना के त्याग को समभाव कहते हैं।

२० प्र.—नवकार किसे कहते हैं ?

उ.—नमस्कार को ।

२१ प्र.—अरिहन्त प्रभु बड़े या सिद्ध भगवान् बड़े ?

उ.—सिद्ध भगवान् बड़े हैं । कारण कि, अरिहन्त भगवान् ने चार कर्म क्षय किये हैं और सिद्ध भगवान् ने आठों कर्म क्षय किये हैं ।

२२ प्र.—पहिले अरिहन्त भगवान् को क्यों नमस्कार करते हैं ?

उ.—अरिहन्त प्रभु सिद्ध भगवान् की पहिचान कराते हैं व धर्म प्रचार करते हैं इसलिये उपकार मानने के लिये ।

२३ प्र.—मुनि महाराज मौजूद हैं उन्हें पहिले क्यों नमस्कार नहीं करते ?

उ.—मुनि महाराज सर्वज्ञ वीतराग नहीं हुए हैं ।

२४ प्र.—आचार्य किसे कहते हैं ?

उ.—ज्ञान व सदाचार का खूब प्रचार करे व जिस देश काल में जो बुराइयाँ घुस गई हों उन्हें नाश करे ।

२५ प्र.—उपाध्याय किसे कहते हैं ?

उ.—ज्ञान का अभ्यास स्वयं खूब करे व औरों को करावे ।

२६ प्र.–साधुजी किसे कहते हैं ?

उ –स्व-पर हित साधन करे व करावे तथा अहिंसा आदि पच महाव्रत पाले ।

२७ प्र.–तिखुत्तो का क्या अर्थ हे ?

उ –तीन वार (तिखुत्तो के पाठ मे वन्दना करने की विधि बतलाई गई है ।)

२८ प्र.–तीन वार वन्दना क्यो करते हैं ?

उ –ज्ञान, दर्शन व चारित्र की प्राप्ति करने के लिये ।

२९ प्र –इच्छाकारेण का पाठ किस विषय का हे ?

उ.–आते जाते या कोई कार्य करते छोटे वडे जीव को दुख हुआ हो उनको माफी माँगने का है ।

३० प्र.–तस्स उत्तरी मे क्या विषय हे ?

उ.–लगे हुए पापो को याद कर के कार्योत्सर्ग मे पश्चात्ताप से पापो की शुद्धि करूंगा तथा कार्योत्सर्ग (ध्यान) मे स्वासोच्छवास खासी छींक आदि १२ आगार हैं सो बतलाये हे ।

प्र –लोगस्स मे क्या विषय है ?

उ –२४ तीर्थङ्कर प्रभु के नाम व स्तुति है ।

३२ प्र.—चउवीसत्थो किसे कहते हैं ?

उ.—२४ तीर्थंकर प्रभु की स्तुति को ।

३३ प्र.—सावज्ज जोग का क्या अर्थ ?

उ.—पाप कारी मन, बच्चन, काया को सावज्ज जोग कहते हैं । (सावद्य = पाप सहित)

३४ प्र.—सामायिक कितने करण व योग से होती है ?

उ.—दो करण, पाप करूं नहीं व कराऊं नहीं तीन योग, मन वचन और काया से ।

३५ प्र.—पच्चक्खाण किसे कहते हैं ?

उ.—छोड़ना, त्याग करना ।

३६ प्र.—तस्समिच्छामिदुक्कडं का क्या अर्थ है ?

उ.—मैंने किया हुआ दुष्कृत-बुरा काम नाश हो तथा अब कभी ऐसा काम नहीं करूंगा ।

३७ प्र.—नमोत्थुणं में क्या बात बताई है ?

उ.—सिद्ध भगवान् व अरिहन्त भगवान् के गुणों का वर्णन कर के स्तुति की है ।

३८ प्र.—अतिक्रमादि का क्या अर्थ है ?

उ.—इच्छा होना अतिक्रम । उस कार्य के लिये थोड़ा उद्योग व्यतिक्रम । व्रत भंग की तैयारी अतिचार व्रत भंग कर देना अनाचार ।

३९ प्र—सामायिक का क्या फल ?

उ—समभाव से नये कर्म नहीं बंधते। पुराने कर्म क्षय होते हैं व आत्मा सच्ची शांति प्राप्त करता है। समभाव सच्चा सुख है अतः सामायिक का फल सच्चे सुख की प्राप्ति है।

तीसरा—प्रकरण

प्रतिक्रमण

४० प्र—प्रतिक्रमण किसे कहते है ?

उ—पापो से पीछे फिरने को अर्थात् किये हुए पापो को याद करके पश्चात्ताप व प्रायश्चित्त से शुद्धि करने को प्रतिक्रमण कहते हैं।

४१ प्र—प्रतिक्रमण मे ऐसा कौनसा पाठ है कि जिस एक को अर्थ पूर्वक विचारने से सक्षेप मे सारा प्रतिक्रमण हो जाय ?

उ—इच्छामि ठामि आलोउ जोमे देवसिओ, अइयारो कओ काइओ, वाईओ, माणस्सिओ उसुत्तो का पाठ।

४२ प्र—इच्छामि खमासमणो का पाठ किस बात का है ?

उ—गुरु महाराज की स्तुति पूर्वक वन्दना करके की हुई आसातना-अपराध की माफी मागने का।

४३ प्र.—दंसण समकित व व्रतों के पहिले आग में तिविहे का पाठ क्यों कहा ?

उ.—वह ज्ञान पढ़ने के दोषों की शुद्धि करने वाला पाठ है ज्ञान हो तब ही समकित व चारित्र प्राप्त होता है।

४४ प्र.—व्रतों के पहिले दंसण समकित का पाठ क्यों कहा ?

उ.—समकित हो तब ही चारित्र प्राप्त होता है। इसलिये।

४५ प्र.—चारित्र के कितने भेद हैं ?

उ.—दो-एक सकल चारित्र दूसरा देश चारित्र।

४६ प्र.—सकल चारित्र किसे कहते हैं ?

उ.—पंच महाव्रत धारण करे सो सकल चारित्र।

४७ प्र.—देश चारित्र किसे कहते हैं ?

उ.—श्रावक के बारह व्रत धारण करे सो देश चारित्र।

४८ प्र.—स्थूल किसे कहते हैं ?

उ.—बड़ा हो सो स्थूल।

४९ प्र.—स्थूल हिंसा का क्या अर्थ ?

उ.—चलते फिरते प्राणी को दुख हो ऐसा कार्य। प्रत्यक्ष सामने मारना। परोक्ष मानकर तैयार की हुई चीज

काम मे लाना जैसे विदेशी कपडा, विदेशी दवाइयां, हाथी दात, विदेशी शक्कर, विदेशी केसर आदि हिसा स्थूल हिंसा है।

५० प्र–मोट का बडा झूठ किसे कहते हे ?
उ–जिससे त्रस–चलते–फिरते जीवो को दुख हो।

५१ प्र–छोटा झूठ किसे कहते हे ?
उ–स्थावर–मिट्टी, पानी, आग वायु, वनस्पति के जीवो को दुख हो–जैसे मिट्टी, खोदो पानी लाओ आदि।

५२ प्र–वडी चोरी किसे कहते हैं ?
उ–जिस चीज के लेने से किसी त्रस चलते फिरते जीव को दुख हो।

५३ प्र–छोटी चोरी किसे कहते है ?
उ–किसी को भी दुख न हो ऐसी चीज भी विना पूछे लेना या स्थावर चीजो को दुख देना।

५४ प्र–मैथुन का क्या अर्थ है ?
उ–गुप्त इन्द्रिय से किसी प्रकार वीर्य क्षय करना।

५५ प्र–मैथुन से क्या हानि ?
उ–शरीर, वुद्धि, वल, पुण्य, धर्म, आयु, सुख और सौभाग्य का नाश होता है।

५६ प्र.—ब्रह्मचर्य का क्या अर्थ है ?

उ.—मन, बचन, व काया को पवित्र रखना।

५७ प्र.—ब्रह्मचर्य का क्या फल ?

उ.—शरीर, बुद्धि, बल पुण्य, धर्म, आयु सुख और सौभाग्य की रक्षा व वृद्धि होती है।

५८ प्र.—परिग्रह का क्या अर्थ ?

उ.—बंधन का कारण सो परिग्रह। द्रव्य परिग्रह धनादि भाव परिग्रह ममता [सम्पत्ति को अपनी मानना] या राग द्वेष करना सो भाव परिग्रह है।

५९ प्र.—छट्ठे व्रत में दिशा की मर्यादा क्यों की जाती है ?

उ.—तृष्णा वश अमुक क्षेत्र से दूर नहीं जाने की शिक्षा देने के लिये।

६० प्र.—सातवें अणुव्रत में २६ बोल की मर्यादा क्यों बताई ?

उ.—इससे सादगी व संयम गुण प्रकट होता है।

६१ प्र.—कर्मादान का क्या अर्थ ?

उ.—त्रस जीवों की अति हिंसा हो ऐसे कार्य को कर्मादान कहते हैं।

६२ प्र.—अनर्था दण्ड किसे कहते हैं ?

उ–जो कार्य शरीर रक्षा आजीविका या स्वपर हित मे उपयोगी न हो लेकिन फिजूल किया जाय।
जीव को व्यर्थ ही दण्डपात्र अपराधी वनावे सो अनर्था दण्ड है।

६३ प्र–व्यर्थ अपराधी वनने के काम वतलाओ ?

उ–वुरे विचार, अति भोजन, निन्दा, क्रोध, गर्व आदि किसी को दुख हो ऐसी प्रवृत्ति, वुरी इच्छा हो ऐसा उपदेश या फिजूल वातें करना अनर्था दण्ड है।

६४ प्र–सामायिक करना इतना पीछे नववें व्रत मे क्यो लिया ?

उ–अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य संतोष आदि गुण आवे व लोभ के वश विदेश जाना, चीजो की लालसा, व्यर्थ दोष छूटे तव समभाव [सामायिक] गुण प्रकट हो सकता है।

६५ प्र–दशमा व्रत किसे कहते हैं ?

उ–सादा भोजन करके १८ पाप त्याग कर ज्ञान ध्यान मे रात दिन बिताने को दशवा पौषध [दया] कहते हैं।

६६ प्र.–पौषध व्रत किसे कहते हैं ?

उ.—चारों आहार व १८ पाप छोड़ कर ज्ञान, दर्शन, चारित्र व ध्यान से आत्मा को निज गुणों में पुष्ट ताकतवर बनावे सो पौषध।

६७ प्र.—अतिथि संविभाग व्रत किसे कहते हैं ?

उ.—जिसके आने की तिथि मुकर्रर नहीं है सो अतिथि, मुनि, श्रावक, विद्यार्थी आदि सुपात्र सब अतिथि हैं। संविभाग = उचित पांति कमाई, भोजन वस्त्र, आदि का अच्छा हिस्सा सुपात्रों को दे सो बारहवां व्रत की आराधना है।

६८ प्र.—संथारा किसे कहते हैं ?

उ.—बिछौने को।

६९ प्र.—अनशन किसे कहते हैं ?

उ.—चारों आहार के त्याग को।

७० प्र.—संलेहणा किसे कहते हैं ?

उ.—उतम रीति से जीवन भर के पापों की शुद्धि करने को।

७१ प्र.—पंडित, मरण किसे कहते हैं ?

उ.—ज्ञान व वैराग्य से जीवन भर के पापों की आलोयणा

करके १८ पाप ४ आहार और निरुपयोगी जीर्ण देह को आनन्द पूर्वक छोडे।

७२ प्र—सलेखणा की पाटी रोज क्यो पढें ?

उ—जैसे सिपाही रोज कवायत करते हैं जिससे युद्ध के समय विजयी वने इसी तरह हमेशा सलेखणा की भावना से उसकी आराधन सुगम होती है।

७३ प्र—१८ पापो मे सव से वडा पाप कौनसा ?

उ—मिथ्यात्व।

७४ प्र—मिथ्यात्वी किसे कहते हैं ?

उ—मिथ्या अर्थ झूठ है, त्व से झूठा, असत्यता अर्थ वनता है। जो झूठ वोले से प्रेम करे, झूठी वस्तु धन, भोग, वैभव ममता रक्खे सो मिथ्यात्वी।

७५ प्र—समकित (सम्यक्त्व) किसे कहते है ?

उ—सत्य मान्यता, आत्मा और जगत के सच्चे स्वरूप को समझ कर धन वैभव और भोग से अलिप्त रहे, सत्य का आनन्द सो सम्यक्त्व। निश्चय मे आत्मा ही सत्य है। इसलिये आत्मानन्द आत्मानुभव निश्चय सम्यक्त्व है।

७६ प्र०—मङ्गल किसे कहते हैं ?

उ०—मं = पाप, गल = गाले पापों को गाले दूर करे सो मंगल। मंग = कल्याण, लाति = लावे, कल्याण श्रेय सुख लावे सो मंगल।

७७ प्र०—क्या अरिहन्त, सिद्ध, केवली साधु, प्ररूपित (कहा हुआ धर्म का स्मरण, बोलना या सुनना मंगल करता है) ?

उ०—नहीं जैसे भूखा मनुष्य भोजन के नाम से तृप्त नहीं होता लेकिन भोजन को प्राप्त कर के खावे तो भूख दूर होती है। इसी प्रकार अरिहन्तादि के गुणों का स्मरण कर के उन्हें अपनी आत्मा में प्रकट करे तो अवश्य दुःख व पापों का नाश और सुख व श्रेय की प्राप्ति होती है।

७८ प्र०—तो फिर रोज मङ्गलिक क्यों सुनते हो ?

उ०—सुनकर गुण प्रकट करने के लिये।

७९ प्र०—पञ्च पदों की वन्दना क्यों करते हैं ?

उ०—उन महापुरुषों के गुणों की याद करके उनके तुल्य-गुण प्रकट करने की भावना के लिये।

८० प्र०—केवल भावना से गुण प्रकट होते हैं ?

उ०—नहीं, केवल भावना से कार्य नहीं होता भावना के के साथ पुरुषार्थ करे तो गुण प्रकट होते हैं।

८१ प्र०—कायोत्सर्ग किसे कहते हैं ?
उ०—काया (शरीर) की प्रवृत्ति व ममता छोड़ना।

८२ प्र०—प्रतिक्रमण मे दो कार्योत्सर्ग क्यो किये जाते है ?
उ०—पहिला किये हुए पापों (अतिचारों) को स्मरण करके पश्चात्ताप करने का दूसरा पापो की शुद्धि के प्रायश्चित मे २४ तीर्थंकर प्रभु के गुण करके उन्हे प्रकट करने की भावना का।

८३ प्र०—दूसरे कार्योत्सर्ग मे ४-८१२-२० या लोगस्स के सिवाय अन्य ध्यान कर सकते हैं ?
उ०—हां, कर सकते हैं—कई जगह धर्म-ध्यान का कार्योत्सर्ग होता हे व अन्य कोई आत्मा के विषय कषाय घटे ऐसी १२ अनित्यादि भावना आदि का ध्यान कर सकते हैं। समय लोगस्स के जितना या कुछ अधिक लेना अच्छा है।

८४ प्र०—चारो आहार के ही पच्चक्खान क्यो होते है ?
उ०—ये पच्चक्खान तुरन्त ही पालन हो जाते है, यदि कोई अपने दूसरे दुर्गुण त्यागने के नियम ले तो ले सकता हैं, असली बात तो पापो को याद करते जो पाप लगा हो उसका त्याग करना अधिक हितकर है।

८५ प्र०—प्रतिक्रमण करके खमाते क्यों हैं ?

उ०—खमाने का अर्थ क्षमा मांगना, माफी मांगना है, जिनका दिल भी दुखाया हो उनकी शुद्ध हृदय से मांफी मांगनी चाहिये। क्षमा मांगने के पश्चात पुरानी बात कभी याद नहीं करनी चाहिये। जैसे मल मूत्र छोड़ कर पुनः ग्रहण नहीं करते हैं।

८६ प्र०—प्रतिक्रमण का क्या फल ?

उ०—जैसे कांटा, तीर या गोली शरीर में से निकल जावे तो बहुत सुख होता है इसी प्रकार दुर्गुण रूपी भयङ्कर शल्य [शस्त्र] आत्मा में से दूर करने से अपार शांति व सच्चा सुख प्राप्त होता है।

८७ प्र०—प्रतिक्रमण कितनी बार करना चाहिये ?

उ०—हमेशा नियम से दो बार करना चाहिये एक सुबह—रात्रि के दोषों की शुद्धि के लिये और दूसरा सायंकाल को दिन के दोषों की शुद्धि के लिये।

८८ प्र०—विस्तार पूर्वक प्रतिक्रमण न बन सके तो क्या करना ?

उ०—थोड़ी देर एकांत में बैठकर अपने कर्तव्य याद करके भूल के लिये पश्चाताप करना और भविष्य में ऐसे दोष न लगे ऐसी भावना व कोशिश करना और

पन्द्रह दिन का पक्खी प्रतिक्रमण अवश्य करने का लक्ष्य रखना।

८६ प्र०—दोष बारम्बार क्यों लगते हैं?

उ०—मन की कमजोरी व विषयों का लालच होने से दोष लगाने के असली कारणों को ढूंढ कर दूर नहीं करने से दोष बारम्बार लगते रहते हैं।

६० प्र०—प्रतिक्रमण किनको करना चाहिये?

उ०—मनुष्य मात्र को प्रतिक्रमण करना चाहिये, जैसे शरीर का मैल व मल-मूत्र दूर करने से शरीर निरोग व आनन्ददायी बनता है इसी प्रकार आत्मा का मैल दुर्गुण अर्थात् पाप है उसे दूर करने से सच्चा आनन्द मिलता है।

प्रत्याख्यान का फल

१—एक नमोकारसी करने से १०० वर्ष के अशुभ कर्मों का क्षय होता है और देव शुभ आयु का बन्ध होता है।

२—एक पहरसी करने से हजार वर्ष के अशुभ कर्मों का क्षय होता है और देव शुभ आयु का बन्ध होता है।

३—डेढ पहरसी से दश हजार वर्ष के अशुभ कर्मों का क्षय, देव शुभ आयु का बन्ध होता है।

४—दो पहरसी करने से एक लाख वर्ष के अशुभ कर्मों का क्षय। देव शुभ आयु का बन्ध होता है।

५—एक एकासना करने से दश लाख वर्ष के अशुभ कर्मों का क्षय। देव शुभ आयु का बन्ध होता है।

६—एक एकल ठाणा करने से एक करोड़ वर्ष के अशुभ कर्मों का क्षय। देव शुभ आयु का बन्ध होता है।

७—एक नीवी करने से दश करोड़ वर्ष के अशुभ कर्मों का क्षय। देव शुभ आयु का बन्ध होता है।

८—एक आयम्बिल करने से सो करोड़ वर्ष के अशुभ कर्मों का क्षय। देव शुभ आयु का बन्ध होता है।

९–एक उपवास करने से एक हजार करोड वर्ष के अशुभ कर्मों का क्षय होता हैं।
देव शुभ आयु का बन्ध होता है।

१०–उपवास पर अभिग्रह करने से दश हजार करोड वर्ष के अशुभ कर्मों का क्षय होता है।
देव शुभ आयु का वन्ध होता है।

११–उपवास पर पहर करने से दो उपवास का फल होता है।

१२–वेला करने से ५ उपवास का फल होता है।

१३–वेले पर पहर करने से २५ उपवास का फल होता है।

१४–तेला करने से १२५ उपवास का फल होता हैं।

१५–तेले पर पहर करने से ६२५ उपवास का फल होता है।

१६–चोला करने से ३१२५ उपवास का फल होता है।

१७–चोले पर पहर करने से १५६२५ उपवास का फल होता है।

१८–पचोला करने से ७८१२५ उपवास का फल होता है।
आगे एक एक उपवास वढाने से उसका पाच गुना अधिक फल होता है।

प्रश्नोत्तर

१–इलायची कुमार को नाचते नाचते केवलज्ञान की प्राप्ति हुई।

२–आषाढ़ भूति को नाटक करते करते केवलज्ञान प्राप्त हुवा।

३–कपिल मुनि को आत्म चिन्तन करते करते केवलज्ञान प्राप्त हुआ।

४–गौतम स्वामी को विप्रलाप करते करते केवलज्ञान प्राप्त हुवा।

५–मरुदेवी माता को हाथी पर बैठे बैठे केवलज्ञान प्राप्त हुवा।

६–भरत चक्रवर्ती को रूप निहारते निहारते केवलज्ञान प्राप्त हुवा।

७–प्रसन्नचन्द्र राजर्षि को ध्यान करते करते केवलज्ञान प्राप्त हुवा।

८–गजसुकुमार मुनि को शिर पर अंगारे धराते धराते केवलज्ञान प्राप्त हुवा।

९–स्कन्दक मुनि के ५०० शिष्य को घानो मे पीलते पीलते केवलज्ञान प्राप्त हुवा ।

१०–खंधकमुनि को राज सेवको द्वारा चमडी उतारते-उतारते केवलज्ञान प्राप्त हुआ ।

११–ढढणमुनि को लड्डू चूरते-चूरते केवल ज्ञान प्राप्त हुवा

१२–धर्म रुचि अणगार को कोडियो की दया पालते-पालते केवल ज्ञान प्राप्त हुआ ।

१३–कुरगडूक मुनि को आहार करते-करते केवलज्ञान प्राप्त हुवा ।

१४–मेतार्य मुनि को क्षमाभाव से उपसर्ग सहते-सहते केवल-ज्ञान प्राप्त हुआ ।

१५–मृगावतीजी को उपालम्भ सहते-सहते केवलज्ञान प्राप्त हुवा ।

१६–पुष्पचूला साध्वी को गोचरी लाते-लाते केवलज्ञान प्राप्त हुवा ।

१७–चन्द्रयश मुनि को गुरुदेव की ताडना सहते-सहते केवल-ज्ञान प्राप्त हुवा ।

१८–पन्थक मुनि को गुरुदेव की प्रताडना सहते-सहते केवल-ज्ञान प्राप्त हुवा ।

१९—रुद्राचार्य को ताडना का पश्चात्ताप करते-करते केवल-ज्ञान प्राप्त हुवा ।

२०—शैलकराय ऋषि को केवलियों को उपालम्भ देते-देते केवलज्ञान प्राप्त हुआ ।

२१—चन्दन बालाजी को आसातना का पश्चात्ताप करते-करते केवलज्ञान प्राप्त हुवा ।

२२—माता मरुदेवी को केवली को देख कर केवलज्ञान प्राप्त हुवा ।

२३—बाहुबली को शब्द सुनते-सुनते केवलज्ञान प्राप्त हुआ ।

२४—पाप भीरु सर्वार्थ सिद्ध में ? धर्मरुचि अगणार ।

२५—मामा मुक्ति में – भगवान महावीर ।
भाणजा भटके – जमाली ।

२६—ससुर मोक्ष में – भगवान महावीर ।
जंवाई भटके – जमाली ।

२७—माता मोक्ष में – सुदर्शना ।
पुत्र भटके – जमाली ।

२८—भगवान महावीर का भक्त नरक में ? – श्रेणिक ।
शत्रु देवलोक में – गोशालक

२९–किस साधु ने श्रावक को खमाया ?
गोतम स्वामी ने ।

३०–किस गुरु ने शिष्य को खमाया ?
शैलक ऋषि ने ।

३१–किस गुरुणी जी ने शिष्या को खमाया ?
चन्दनबाला ने ।

३२–मरते-मरते माफी किसने मागी ?
गोशालक ने ।

३३–प्रश्न पूछ कर सयम पथ पर कौन बढी ?
जयन्ती श्राविका ।

३४–पुकार सुनकर प्रवज्या पथ पर कौन बढे ?
भ० नेमी नाथ ।

३५–पुत्र को देखकर संयम किस ने अपनाया ?
ऋषभदत्त देवानन्दा ने ।

३६–पिता को ढू ढकर दीक्षा किसने ली ?
मनक ने ।

३७–एक बार के उपदेश से वैराग्य किस को आया ?
जम्बु कुमार को ।

३८–शिकार खेलते वैराग्य किसको आया ?
संयति राज ऋषि को ।

३९—पुष्ट सांड को दुर्बल देखकर वैराग्य किसको आया ?
करकण्डु को ।

४०—पानी की बूंद से वैराग्य किसको आया ?
धन्ना जी को ।

४१—मेरे शिर पर भी बड़े हैं ऐसे चिन्तन से वैराग्य किसको हुआ ?
शालीभद्र को ।

४२—शब्द सुनकर केवल ज्ञान किसको हुआ ?
बाहुबली को ।

४३—प्रण का पालन कर प्राण रक्षा किसने की ?
मेगरथ राजा ने ।

४४—संहार करते-करते सिद्ध मार्ग पर कौन बढ़े ?
अर्जुन माली ।

४५—स्तंभ देख कर सन्त बने ?
दुमोही राजा (दुमुख)

४६—पांचों पाण्डवों ने आलोचना करते-करते केवलज्ञान प्राप्त किया ।

४७–वगर औघा और मुखवस्त्रिका के केवल ज्ञान किसने पाया ?

मरु देवी माता और भरत चक्रवर्ती ने ।

४८–सन्तो को आहार करते देखकर वैराग्य किसे आया ?

देवभद्र यशोभद्र को ।

४६–सचित पर सिद्ध कौन हुए ?

मरुदेवी माता ।

५०–माता के हाथ से आहार लेकर सथारा किसने किया ?

शालिभद्र मुनि ने ।

५१–प्रेरणा देते स्वय का पतन हुआ किसका ?

स्कन्धक मुनि का ।

५२–एकान्त स्थान मे सावधानी किसनें रक्खी ?

राजीमति ने ।

५३–भूले हुए को सत्पथ किसने बतलाया ?

राजीमति ने ।

५४–काया की कुर्बानी से केवलज्ञान किसको प्राप्त हुआ ?

गजसुकुमार को ।

५५–चोर को देख कर कौन चेते ?

समुद्रपाल ।

५६–अदत्तादान सेवन करतें अदत्तादान का त्याग किसनें किया ?

प्रभव चोर नें।

५७–हिंसा करते हुए अहिंसा का पालन किसने किया ?

संयति राजा ने।

५८–परठने जाते परमात्मा कौन बने ?

ढ़ंढणमुनि।

५९–भोग नहीं फिर भी भोगी कौन ?

भिखारी।

६०–रोग नहीं फिर भी रोगी कौन ?

देवता (भवरोगी)

६१–१६ सतियों में ११ सतियां मोक्ष में गई—१. ब्राह्मी २. सुन्दरी ३. चन्दनबाला ४. राजीमती ५. कौशल्या ६. मृगावती ७. पुष्पचूला ८. पद्मावती ९. कुन्थी १०. शिवा ११ प्रभावती।

५–देवलोक में गई—१. सीता २. सुभद्रा ३. द्रोपदी ४. सुलसा ५. दमयन्ती।

६२–कौनसी पत्नी ने पति को तारा ?

कमलावती ने।

६३–कौनसे पति ने पत्नी को तारा ?

नेमीनाथ ने।

६४–कौन से भाई ने बहन को तारा ?

भगवान् महावीर स्वामी ने।

६५–कौनसी बहिनो ने भाई को तारा ?

ब्राह्मी और सुन्दरी ने ।

६६–कौनसे पिता ने पुत्रो को तारा ?

भगवान् ऋषभ देवने ।

६७–कौन से पुत्र नें माता-पिता को तारा ?

भ महावीर स्वामी और जम्बू स्वामी नें ।

६८–कौन से पुत्र नें माता-पिता को तारा ?

देवभद्र यशोभद्र ने ।

६९–देवता के प्रतिबोध से कौन तिरे ?

तेतलीपुत्र ।

७०–पिता के प्रतिबोध से कौन तिरे ?

अभय कुमार ।

७१–माता के प्रतिबोध से कौन तिरे ?

अरणककुमार ।

७२–पत्नी के प्रतिबोध से कौन तिरे ?

इक्षुकार राजा ।

७३–वेदना से बोध किसने पाया ?

अनाथी मुनि ने ।

७४–भाभी से बोध किसने पाया ?

रथनेमी ने ।

७५—पत्नी मिटकर शत्रु कौन बनी ?

सुरीकान्ता राणी।

७६—शिष्ट मिटकर शत्रु कौन बना ?

गौशालक।

७७—शत्रु मिटकर मित्र कौन बना ?

गौतम स्वामी।

७८—खूनी मिटकर मुनि कौन बने ?

अर्जुनमाली।

७९—साधु मिटकर संसारी कौन बने ?

नन्दीषेण।

८०—वैभव लेने गये और वैराग्य किसे आया ?

प्रभव चोर को।

८१—रूप में रागी बनकर वीतरागी कौन बने ?

भरत चक्रवर्ती।

८२—रागी को त्यागी किसने बनाया ?

स्थूलिभद्र ने कोशा वेश्या को।

८३—बन्धन में रहकर बन्धन किसने तोड़े ?

चन्दन बाला ने।

८४—स्वाद को आसक्ति में अनन्त संसार किसने बढ़ाया ?

कुण्डरिकजी ने।

८५–मुखवस्त्रिका देखकर वैराग्य किसको हुआ ?
आर्द्र कुमार को ।

८६–दुर्गति मे रहकर दुर्गति किसने टाली ?
चण्ड कौशिक ने ।

८७–स्वाद की विरक्ति से अनन्त ससार किसने घटाया-?
धन्ना अणगार ने ।

८८–प्रेरणा देने वाले का पतन हुआ, किसका ?
स्कन्ध मुनि का ।

८९–प्रेरणा लेने वालो का मोक्ष हुआ ?
स्कन्ध मुनि के ५०० शिष्यो का ।

९०–जगल मे कौन-से राजा को रत्न मिला ?
श्रेणिक राजा को सम्यक्त्व रत्न ।

९१–भगवान् अरिष्टनेमी के शासन मे ४ प्राणियो ने तीर्थंकर गोत्र उपार्जन किया–
श्रीकृष्ण और कृष्ण की माता देवकी ने ।
वलभद्र और वलभद्र की माता रोहिणी ने ।

९२–भगवान् महावीर के शासन मे ९ प्राणियो ने तीर्थंकर गोत्र उपार्जन किया ।
१ श्रेणिक राजा, २ सुपास भगवान् महावीर के चाचा, ३ राजा उदाई कोणिक का बेटा, ४ पोटिल

अणगार भगवान् महावीर के शिष्य, ५. शंखजी, ६. शतकजी भगवान् महावीर के श्रावक, ७. सुलसा, ८. रेवति, भगवान् महावीर की श्राविका, ९. दृढ़ आयु

९३–कायम में कंगाल कौन ?

अभव्य जीव।

९४–२४ तीर्थंकर के शासन में ८ अभव्य हुए–

१. संगम, २. कालिक, ३. कपिला दासी, ४. अंगार मर्दन आचार्य, ५. सोमिल ब्राह्मण, ६. नमुची प्रधान ७. पालोक, ८. विनय रत्न।

९५–ऐसी कौन सी वस्तु है जो एक जावे और दो आवे ?

छद्मस्थपन जावे और केवलज्ञान, केवलदर्शन आवे।

९६–लोक भीरु नरक में ? नाग श्री।

९७–अग्निमित्राचार्य ने नदी में डुबकियें खाते-खाते केवल-ज्ञान प्राप्त किया।

९८–६३ श्लाघनीय पुरुष कौन-कौन से हैं ?

२४ तीर्थंकर १२ चक्रवर्ती ९ बलदेव ९ वासुदेव ९ प्रतिवासुदेव।

९९–ये ६३ कौन-कौनसी गति में गये ?

४२ मोक्ष में गये २० नरक में गये, १ स्वर्ग में गये।

२३ तीर्थंकर १० चक्रवर्तो ८ वलदेव ये ४७ मोक्ष में
२ चक्रवर्तो ६ प्रतिवासुदेव ६ वासुदेव ये २० नरक
मे, वलदेव जो पांचवे स्वर्ग मे ।

१००—१ पति पत्नी दोनो मोक्ष मे ?
ऋषभदत्त और देवानन्दा ।
२—पति मोक्ष मे पत्नी नरक मे ?
चक्रवर्ती मोक्ष मे, पत्नी नरक मे ।
३—पत्नी मोक्ष मे, पति नरक मे ?
कृष्ण की पत्नियें मोक्ष मे, कृष्ण नरक मे ।
४—पति पत्नी दोनो नरक मे ?
ब्रह्मदत्त व सम्भूम चक्रवर्त्ती दोनो नरक मे, व
उनकी रानिया भी नरक मे ।

लघु गौतम पृच्छा

मंगलाचरण

मंगलं भगवान् वीरो; मंगलं गौतम प्रभुः ।।
मंगलं स्थूलभद्राद्यो; जैन धर्मस्तु मंगलम् ।। १ ।।

पाठकों ! केवल ज्ञान के धारक श्री भगवान् महावीर स्वामी से श्री गौतम स्वामी ने विनयपूर्वक प्रश्न किये । उन प्रश्नों में से कुछ प्रश्न यहाँ उद्धृत करते हैं ।

(१) प्रश्न—हे प्रभो ! मनुष्य निर्धन और कंगाल किस पाप के उदय से होता है ?

उत्तर—हे गौतम ! जिसने दूसरे के धन को चुराया हो; दान देते हुए को मना किया हो वह मनुष्य निर्धन और कङ्गाल होता है ।

(२) प्रश्न—हे भगवन् ! भोग उपभोग की सामग्रियाँ सभी स्वाधीन होते हुए भी जो मनुष्य उन्हें भोग नहीं सकता यह किस पाप के उदय से ?

उत्तर—हे गौतम ! जो मनुष्य दान पुण्य कर फिर उसका पश्चात्ताप करता है कि मैंने बहुत बुरा

किया है वह नर भोग (वह चीज जो एक वक्त ही काम मे आ सकती हो जैसे भोजन वगैरह) और उपभोग (जो वार वार काम मे आ सकती हो जैसे वस्त्र आभूषण वगैरह की सामग्रियाँ स्वाधीन होते हुए भी उन्हे भोग नहीं सकता हैं।

(३) प्रश्न–हे भगवन् ! किसी-किसी मनुष्य के सन्तान नहीं होती है वह किस पाप के उदय से ?

उत्तर–हे गौतम ! रास्ते पर के हरे भरे वृक्षो को काटने या दूसरो से कटवाने से उस मनुष्य के सन्तान नहीं होती हैं।

(४) प्रश्न–हे भगवन् ! स्त्री जो वध्या होती हैं वह किस पाप से होती हे ?

उत्तर–हे गौतम ! औषधि आदि द्वारा गर्भ गलाने से या सगर्भा मादा (स्त्री जाति) जानवरो को मारने से स्त्री वध्या होती है।

(५) प्रश्न–हे भगवन् ! जिस स्त्री के लडका या लडकी जन्मते ही मर जाते हैं ऐसी मृत वध्या किस पाप के उदय से होती है ?

उत्तर–हे गौतम ! बैंगन ओर कंद को हँस हँस कर खाने से तथा मुर्गी आदि के अंडों के पान करने से स्त्री मृत बंध्या होती है ।

(६) प्रश्न–हे भगवन् ! मनुष्य एक आँख से काना किस पाप से होता है ?

उत्तर–हे गौतम ! जो हरी सब्जी (वनस्पति) को शस्त्र आदि से छेदन भेदन करता है । तथा फल फूल बीज आदि में सूई से छेदन भेदन कर उन्हें धागे में पिरो कर गजरा हार बनाता है वह मनुष्य एक आँख से काना होता है ।

(७) प्रश्न–हे भगवन् ! किसी किसी स्त्री के अधूरे गर्भ गिर जाते हैं वह किस पाप से ?

उत्तर–हे गौतम ! वृक्षों के कच्चे फल तोड़ने से और झाड़ों पर पत्थर फेंकने से स्त्रियों के कच्चे ही गर्भ गिर जाते हैं ।

(८) प्रश्न–हे भगवन् ! जो जीव गर्भ में तथा योनी के समीप अटक कर मर जाता है वह किस पाप के उदय से ?

उत्तर–हे गौतम ! दूसरे के अवगुणावाद बोलने से और झूँठ बोलने से तथा निर्दोषयुक्त आहार पानी देने से गर्भ मे तथा योनि के समीप रुक कर जीव मर जाता है। फिर उसके शरीर को शस्त्रादि से काट काट कर बाहर निकालते हैं।

(९) प्रश्न–हे भगवन् ! मनुष्य किस पाप से अन्धा होता है ?

उत्तर–हे गौतम ! शहद के छत्ते के नीचे धूम्र वगैरह का प्रयोग करता हुआ मक्षिकाओ को जलाकर छत्ता गिरा देने से मनुष्य अन्धा होता हे।

(१०) प्रश्न–हे भगवन् ! मनुष्य किस पाप के उदय से गूंगा होता है ?

उत्तर–हे गौतम ! छिद्रान्वेषी बन कर जो देव, गुरु की निन्दा करता है वह मनुष्य गूंगा होता है।

(११) प्रश्न–हे भगवन् ! मनुष्य किस पाप से बहरा होता हे ?

उत्तर–हे गौतम ! जो लुक छिपकर दूसरे की निन्दा

सुनने में रत रहता हो और कपट युक्त मीठे-मीठे शब्द बोल कर दूसरे के हृदय का भेद पा लेने में प्रयत्नशील हो। बस इसी पाप के बोझे से वह बहरा होता है।

(१२) प्रश्न—हे भगवन् ! जो मनुष्य रात दिन आधि-व्याधियों से घिरा रहता हो वह किस पाप के उदय से ?

उत्तर—हे गौतम ! बड़ पीपल के फलों तथा गुलरों को हँस-हँस कर खाने से एवं चूहे आदि जानवर पकड़ने के पींजरों एवं फन्दों को बेचने से वह मनुष्य दिन रात कुछ न कुछ रोग से घिरा ही रहता है।

(१३) प्रश्न—हे भगवन् ! मनुष्य इतना स्थूल शरीर वाला जो कि किसी प्रकार से अपना शारीरिक कार्य भी अपने हाथों से न कर सके ऐसा बे डौल-डौल का शरीर किस पाप से होता है ?

उत्तर—हे गौतम ! अपने सेठ की चोरी करने से तथा अपने आप ही साहुकार बन दूसरे का धन हड़प कर लेने से मनुष्य बे डौलडौल वाला स्थूल शरीरी होता है।

(१४) प्रश्न–हे भगवन् ! मनुष्य कुष्ट (कोढ) रोग वाला किस पाप कर्म के फल से होता हे ?

उत्तर–हे गोतम ! मयूर, सर्प, विच्छू आदि के मारने से तथा जगल मे दावाग्नि लगा देने से मनुष्य कोढी होता हे ।

(१५) प्रश्न–हे भगवन् ! मनुष्य के शरीर मे जलन ही जलन होती हो ऐसी दाह ज्वर की वीमारी किस पाप से होती है ?

उत्तर–हे गौतम ! घोडे, बैल आदि पशुओ को भूखे और प्यासे रखने से तथा उन पर हैसियत से अधिक बोझा लाद (भर) देने से दाह ज्वर की वीमारो होता है ।

(१६) प्रश्न–हे भगवन् ! किसी-किसी मनुष्य का चित्त भ्रम हो जाता है वह किस पाप से होता है ?

उत्तर–हे गौतम ! अभिमान करने से तथा मदिरा मास और गुप्त रीति से अनाचारो का सेवन करने से मनुष्य का चित्त भ्रम हो जाता है ।

(१७) प्रश्न–हे भगवन् ! मनुष्य के पत्थरी की व्याधि किस पाप से होती है ?

उत्तर—हे गौतम ! जो मनुष्य पुत्री, बहन, माता, मासी आदि कहकर उनके साथ गुप्त-रीति से व्यभिचार सेवन करता है उसके पत्थरी की बीमारी होती है।

(१८) प्रश्न—हे भगवन् ! स्त्री, पुरुष, पुत्र और शिष्य आदि किस पाप के फल स्वरूप में कुपात्र होते हैं ?

उत्तर—हे गौतम ! निष्कारण ही सगे स्नेहियों के साथ या दूसरे मनुष्यों के बीच में बैर को खड़ा कर देते हैं अथवा बढ़ा देते हैं वे कुपात्र होते हैं।

(१९) प्रश्न—हे भगवन् ! मनुष्य के बड़े ही लाड़ प्यार से पाला पोषा हुआ पुत्र युवावस्था ही में मर जाता है वह किस पापोदय से ?

उत्तर—हे गौतम ! दूसरों की रखी हुई अमानत को हड़प कर जाने से पाला पोषा हुआ पुत्र मर जाता है।

(२०) प्रश्न—हे भगवन् ! मनुष्य के पेट का रोग किस पाप से होता है ?

उत्तर–हे गौतम ! पंच महाव्रतधारी मुनि को नीरस और असाताकारी आहार देने से मनुष्य के पेट मे रोग उत्पन्न होता है ?

(२१) प्रश्न–हे भगवन् ! कोई-कोई स्त्री वाल विधवा हो जाती है वह किस पाप से होती है ।

उत्तर–हे गौतम ! अपने आपको तो सती कहलाती है पर अपने पति का पूरा-पूरा अपमान करने मे राई रत्ती भर भी कोर कसर नहीं रखती हे । कपट तो उसके जीवन के साथ साथी होकर रहता है और पर पुरुष के साथ व्यभिचार सेवन मे वह कभी चूकती भी नहीं है वही स्त्री वाल विधवा होती है ।

(२२) प्रश्न–हे भगवन् ! वेश्या किस पाप कर्म के फल से होती है ?

उत्तर–हे गौतम ! उत्तम कुल की विधवा स्त्री के दिल मे विषयभोग सेवन करने की तीव्र अभिलाषा होते हुए भी वह अपने माता, पिता, सासु, श्वसुर, पीहर, सासरे की लज्जा से अनिच्छापूर्वक शील को पालन करती है

वह स्त्री मरकर वेश्या होती है। फिर चाहे वह स्वर्ग में भी जावे तो उसी श्रेणी की देवियों में ही उत्पन्न होती है। अगर वह विधवा स्त्री इच्छापूर्वक शील पाले तो इह लोक परलोक दोनों सुधरे।

(२३) प्रश्न—हे भगवन्! किसी-किसी मनुष्य की अल्प समय में ही स्त्रियाँ मर जाया करती हैं। इसका क्या कारण है?

उत्तर—हे गौतम! जिस मनुष्य ने किये हुए त्याग नियमों का भंग किया हो तथा चरती हुई गौ को जोरों से मारी हो उस मनुष्य की स्त्रियाँ थोड़े-थोड़े समय में ही मर जाया करती हैं।

(२४) प्रश्न—हे भगवन्! मनुष्य काला कुवर्ण किस पाप से होता है?

उत्तर—हे गौतम! जो मनुष्य कोतवाल होकर द्रव्यादि की लालसा से लोगों से कहे कि तुम अमुक सरकार के गुनहगार हो ऐसे झूठे इल-जाम उनके सिर लगा के उनके मार्मिक स्थान एवं हाथ, पाँव, नाक, कान आदि अवयवों को छेदन भेदन किया हो तथा जिसने अपने शरीर

के सुन्दर रूप का अभिमान किया हो वह काला कुरूप वाला मनुष्य होता है।

(२५) प्रश्न–हे भगवन् ! मनुष्य के शरीर मे कीडे किस पाप से पड जाते हैं ?

उत्तर–हे गौतम ! जिस मनुष्य ने मच्छी, कॅकडे, आदि मूक जीवो को त्रास पूर्वक मारकर खूब खाया हो उस मनुष्य के शरीर मे कीडे पड जाया करते हैं।

(२६) प्रश्न–हे भगवन् ! मनुष्य या स्त्री पर मिथ्या कलक किस पाप से आता है ?

उत्तर–हे गौतम ! जिसने दूसरे के सिर पर जैसा मिथ्या कलक दिया हो वैसा मिथ्या कलक उस मनुष्य या स्त्री के सिर पर भी आता है।

(२७) प्रश्न–हे भगवन् ! कोई भी रोजी आदि की प्राप्ति मे बाधा (विघ्न) आकर खड़ी होती है वह किस पाप से है ?

उत्तर–हे गौतम ! अन्य जीवो को भोगोपभोग की सामग्रिया मिलती हो उनमे रोड़े अटका दिये हो तथा रोजी एव व्यापार आदि मे भी

बाधा खड़ी कर दी हो उस मनुष्य के प्रत्येक वस्तु की प्राप्ति में बाधा आ खड़ी होती है।

(२८) प्रश्न—हे भगवन् ! नपुन्सक किस पाप से होता है ?

उत्तर—हे गौतम ! जो बैल, घोड़े, मनुष्य आदि के अंडकोषों को शस्त्र पत्थर आदि से छेदन करता हो तथा औषधि आदि के द्वारा मर्द को नामर्द (नपुन्सक) बनाता हो अथवा कपट सेवन करने में चूर-चूर रहता हो बस वही नपुन्सक होता है।

(२९) प्रश्न—हे भगवन् ! मनुष्य मर कर नरक में किस पाप कर्म के उदय से जाता है ?

उत्तर—हे गौतम ! जुआ खेलने से, मांस खाने से, मदिरा पीने से, वेश्या और पर-स्त्री गमन करने से, मनुष्य नरक में जाता है।

(३०) प्रश्न—हे भगवन् ! लक्ष्मीवान् किस पुण्य के फल से होता है ?

उत्तर—हे गौतम ! सुपात्र (मुनि) पात्र श्रावक अल्पपात्र (सम्यक्‌दर्शी) आदि को साताकारी आहार पानी देने से तथा अनाथ, दीन अना-

श्रितो को समय-समय पर उचित दान देने से मनुष्य लक्ष्मीवान् होता है।

(३१) प्रश्न–हे भगवन्! जिस मनुष्य के सत्य कहने पर भी उसके वचनो पर कोई विश्वास नहीं रखता है इसका क्या कारण है?

उत्तर–हे गौतम! जिस मनुष्य ने झूँठी गवाही (साक्षी) दी हो उस पाप के फलस्वरूप उसके वचनो को न तो कोई सत्य ही समझता है और न उसके वचनो पर विश्वास ही रखता है।

(३२) प्रश्न–हे भगवन्! इच्छित भोगोपभोग की सामग्रियां किस पुण्योदय से मिलती है?

उत्तर–हे गौतम! जिस मनुष्य ने प्राणी दया तथा परोपकार खूब ही किया हो उस मनुष्य को मन इच्छित भोग मिलते है।

(३३) प्रश्न–हे भगवन्! सुन्दर रूप लावण्य, चातुर्य आदि की प्राप्ति किस शुभ करणी से होती है?

उत्तर–हे गौतम! जिनाज्ञा पूर्वक जिसने ब्रह्मचर्य

पाला हो और तपस्या की हो वह सुन्दर रूप सम्पदादि पाता है।

(३४) प्रश्न—हे भगवन् ! स्वर्ग और मोक्ष की प्राप्ति किससे होती है ?

उत्तर—हे गौतम ! जिस मनुष्य ने सम्यक् प्रकार से तप संयम की आराधना की हो वह मनुष्य स्वर्ग और मोक्ष के सुखों को प्राप्त करता है।

(३५) प्रश्न—हे भगवन् ! मनुष्य को दुःखमयी दीर्घ जीवन किस दुर्भाग्य से मिलता है ?

उत्तर—हे गौतम ! चलते फिरते त्रस जीवों की हिंसा करने से, मिथ्या भाषण करने से और मुनि को असाताकारी आहार पानी देने से मनुष्य को दुःखमयी दीर्घ जीवन मिलता है।

(३६) प्रश्न—हे भगवन् ! मनुष्य को सुखमयी दीर्घ जीवन किस पुण्य फल से मिलता है ?

उत्तर—हे गौतम ! त्रस जीवों की रक्षा करने से, सत्य भाषण करने से, और मुनियों को निर्दोष साताकारी आहार पानी देने से सुखमयी दीर्घ जीवन मनुष्य को मिलता है।

(३७) प्रश्न–हे भगवन् ! वहुत ऐसे मनुष्य हैं जिनको भय होता ही नहीं है वह किस पुण्योदय के फल-स्वरूप मे ?

उत्तर–हे गौतम ! भय से भयभीत जीवो को निर्भयी किये हो अर्थात् अभयदान देने से मनुष्य निर्भयी होता है।

(३८) प्रश्न–हे भगवन् ! मनुष्य ताकतवर किन शुभ कर्मो से होता है ?

उत्तर–हे गौतम ! जिसने वृद्ध, तपस्वी और व्याधि वाले की वैयावृत्य (सेवा) खूब ही जी तोड-कर की हो वह मनुष्य बलवान होता है।

(३९) प्रश्न–हे भगवन् ! जिस के वचनो मे मधुरता टप-कती हो सभी उसके वचनो को सुनकर आनन्द मानते वह किस शुभ कर्म के फल स्वरूप मे ?

उत्तर–हे गौतम ! सारे जीवन मे जिसने सत्य भाषण का ही प्रयोग किया हो वह प्रिय वचनी होता है। उसके वचन श्रवण कर आनन्दित होते हैं।

(४०) प्रश्न–हे भगवन् ! कोई मनुष्य ऐसा होता है जो सभी कोवल्लभ लगता है इसका क्या कारण है ?

उत्तर–हे गौतम ! जिसने खूब ही धर्म आराधना की हो वह मनुष्य सभी को वल्लभ होता है ।

(४१) प्रश्न–हे भगवन् ! सर्व मान्य किस कारण से होता है ?

उत्तर–हे गौतम ! परहित कार्य करने से मनुष्य सर्व प्रिय होता है ।

(४२) प्रश्न–हे भगवन् ! मनुष्य नीच जाति में किस पाप से पैदा होता है ?

उत्तर–हे गौतम ! जाति अहंकार करने से नीच जाति में पैदा होता है ।

(४३) प्रश्न–हे भगवन् ! हीन कुल में किस पाप से पैदा होता है ?

उत्तर–हे गौतम ! कुल का अहंकार करने से हीन-कुल होता है ।

(४४) प्रश्न–हे भगवन् ! मनुष्य किस पाप से दुर्बल होता है ?

उत्तर—हे गौतम ! वल का घमण्ड करने से दुर्बल होता है ।

(४५) प्रश्न—हे भगवन् ! मनुष्य जन्म किस करणी से मिलता है ?

उत्तर—हे गौतम ! जो जीव प्रकृतिका विनीत हो भद्रिक हो, अमात्सर्य भावी हो और विषम-वाद करके रहित हो वह जीव मनुष्यजन्म पाता है ।

(४६) प्रश्न—हे भगवन् ! किसी मनुष्य के एक पैसे की भी आमदनी न होती हो वह किस पाप कर्म से ?

उत्तर—हे गौतम ! पैसे की खूब आमदनी देखकर जिसने घमण्ड किया हो उसे विशेष आर्थिक प्राप्ति नहीं होती है ।

(४७) प्रश्न—हे भगवन् ! किसी मनुष्य को व्रत उपवास करने मे महान् कष्ट होता है जिससे उपवास व्रत एकासना आदि उससे बिलकुल बन नहीं आते इसका क्या कारण है ?

उत्तर—हे गौतम ! तपस्या का घमण्ड करने से अर्थात् ऐसा विचार करे कि मेरे सात-सात

(४८) प्रश्न–हे भगवन् ! सूत्र सिद्धान्तों का ज्ञान महान् परिश्रम के साथ अभ्यास करने पर भी प्राप्त नहीं होता है इसका क्या कारण ?

उत्तर–हे गौतम ! जिसने बहुत से सिद्धांतों का ज्ञान सम्पादन कर घमण्ड किया हो उस मनुष्य को ज्ञान प्राप्त नहीं होता।

(४९) प्रश्न–हे भगवन् ! मनुष्य चाकरपने में किस पाप से पैदा होता है ?

उत्तर–हे गौतम ! ऐश्वर्यता का अर्थात् मैं अरबपति हूं, मैं छत्रपति हूं, मैं पृथ्वीपति हूं, मैं सार्वभौम नरेन्द्र हूं, इस प्रकार ऐश्वर्यता का घमण्ड करने से मनुष्य को चाकरपना (दासवृत्ति) प्राप्त होती है।

(५०) प्रश्न–हे भगवन् ! सुर, असुर, देव, दानव, इन्द्र और पूजनिक किन शुभ कामों से होता है ?

उत्तर–हे गौतम ! जिसने मन, वचन और काया से शुद्धतापूर्वक अखण्ड ब्रह्मचर्य पाला हो वह मनुष्य इन्द्र नरेन्द्रों के द्वारा पूजनीय होता है।

(५१) प्रश्न–हे भगवन् ! चौहद पूर्व का सार क्या है ?

उत्तर–हे गौतम ! चौदह पूर्व का सार नमस्कार मन्त्र है ।

(५२) प्रश्न–हे भगवन् ! बाल वय ही मे माता-पिता किस पापोदय से मरते हैं ?

उत्तर–हे गौतम ! मनुष्य पशु आदि के छोटे-छोटे बच्चो के माताओ को मारने वाले प्राणी के बचपन मे ही माता पिता मर जाते हैं ।

(५३) प्रश्न–हे भगवन् ! स्त्री पुरुष के परस्पर विरोध भाव किस कारण से होता है ?

उत्तर–हे गौतम ! पूर्व भव मे स्त्री-भरतार के परस्पर का प्रेम-भाव तुडा देने से वैर विरोध होता है ।

(५४) प्रश्न–हे भगवन् ! मनुष्य पंगुला किस पाप से होता है ?

उत्तर–हे गौतम ! पैरो से प्राणधारी जीवो को मसल (कुचल) कर मार देने से जीव पगुला होता है ।

(५५) प्रश्न–हे भगवन् ! मनुष्य के फोडे फुन्सी आदि किस पाप से होते हैं ?

उत्तर–हे गौतम ! फलों के अन्दर मसाले भर-भर कर भड़ीते किये हों तथा उन्हें तल भूंज कर के हँस-हँस कर खाये हों उस मनुष्य के फोड़े फुन्सी होते हैं ।

(५६) प्रश्न–हे भगवन् ! क्रोड़ों रुपये की सम्पत्ति पाकर के भी उसके द्वारा सुख नहीं भोग सकता इसका क्या कारण है ?

उत्तर–हे गौतम ! जिसने दान देकर पश्चाताप किया हो वह सम्पत्ति मिलने पर भी सुख नहीं भोग सकता ।

(५७) प्रश्न–हे भगवन् ! अनायास लक्ष्मी की प्राप्ति किस पुण्य से होती है ?

उत्तर–हे गौतम ! गुप्त दान देने से अनायास अखूट लक्ष्मी मिलती है ।

—

आनुपूर्वी खण्ड

- तीर्थंकर स्मरणानुपूर्वी
- पंचपदानुपूर्वी

आनुपूर्वी पढ़ने की विधि

इस तीर्थंकर स्मरणानुपूर्वी मे तीर्थंकरो का नाम लिया जायेगा। जहा जो सख्या हो वहा उन्हीं तीर्थंकर का नाम लेवें तथा २५ वीं सख्या मे श्री गौतम स्वामी का नाम लिया जायगा। क्रम संख्या सरलता पूर्वक याद रखिये।

१ श्री ऋषभदेव जी
२ श्री अजितनाथ जी
३ श्री सभवनाथ जी
४ श्री अभिनदन जी
५ श्री सुमतिनाथ जी
६ श्री पदम प्रभु जी
७ श्री सुपारसनाथ जी
८ श्री चन्दाप्रभु जी
९ श्री सुविधिनाथ जी
१० श्री शीतलनाथ जी
११ श्री श्रेयासनाथ जी
१२ श्री वासुपूज्य जी
१३ श्री विमलनाथ जी
१४ श्री अनन्तनाथ जी
१५ श्री धर्मनाथ जी
१६ श्री शान्तिनाथ जी
१७ श्री कुन्थूनाथ जी
१८ श्री अरहनाथ जी
१९ श्री मल्लिनाथ जी
२० श्री मुनिसुव्रत जी
२१ श्री नमिनाथ जी
२२ श्री अरिष्टनेमी जी
२३ श्री पारसनाथ जी
२४ श्री महावीर स्वामी जी

+ २५ श्री गौतम स्वामी जी +

तीर्थंकर स्मरणानुपूर्वी

दोहा १–तीर्थंकर सुमिरण करे, पाप सकल टल जाय ।
तीर्थंकर गुण गावतां, गौत्र तीर्थंकर पाय ॥
२–आरोग्य बोधि लाभ हो, निर्मल चन्द्र समान ।
सागर सम गम्भीर गुण, मिले पलक में आन ॥
३–भूत प्रेत रहते नहीं, ज्वर मिट सोख्य सानन्द ।
जिस घर में जिन जाप हो, ताँ घर परम आनन्द ॥
४–राग द्वेष को छोड़ कर, धरो जिनन्द का ध्यान ।
अष्ट कर्म को नष्ट कर, पावो पद निर्वाण ॥



ग्रहों पर प्रभाव देने वाले यन्त्र

जिस व्यक्ति को जो ग्रह हो, उसी वार को निम्न यन्त्र लिखें या पढ़ें–

रविवार–६
सोमवार–८
मंगलवार–१२
बुधवार–१३–१४–१५–१६–१७–१८–२१–२४
वृहस्पतिवार–१–२–३–४–५–७–१०–११
शुक्रवार–९
शनिवार–२०
शनिवार–राहु के लिये २२
शनिवार–केतु के लिये १९–२३



૧	૭	૧૩	૧૯	૨૫
૧૮	૨૪	૫	૬	૧૨
૧૦	૧૧	૧૭	૨૩	૪
૨૨	૩	૯	૧૫	૧૬
૧૪	૨૦	૨૧	૨	૮

૨	૮	૧૪	૨૦	૨૧
૧૯	૨૫	૧	૭	૧૩
૬	૧૨	૧૮	૨૪	૫
૨૩	૪	૧૦	૧૧	૧૭
૧૫	૧૬	૨૨	૩	૯

३	९	१५	१६	२२
२०	२१	२	८	१४
७	१३	१९	२५	१
२४	५	६	१२	१८
११	१७	२३	४	१०

४	१०	११	१७	२३
१६	२२	३	९	१५
८	१४	२०	२१	२
२५	१	७	१३	१९
१२	१८	२४	५	६

५	६	१२	१८	२४
१७	२३	४	१०	११
९	१५	१६	२२	३
२१	२	८	१४	२०
१३	१९	२५	१	७

६	१२	१८	२४	५
२३	४	१०	११	१७
१५	१६	२२	३	९
२	८	१४	२०	२१
१९	२५	१	७	१३

७	१३	१९	२५	१
२४	५	६	१२	१८
११	१७	२३	४	१०
३	९	१५	१६	२२
२०	२१	२	८	१४

८	१४	२०	२१	२
२५	१	७	१३	१९
१२	१८	२४	५	६
४	१०	११	१७	२३
१६	२२	३	९	१५

९	१५	१६	२२	३
२१	२	८	१४	२०
१३	१९	२५	१	७
५	६	१२	१८	२४
१७	२३	४	१०	११

१०	११	१७	२३	४
२२	३	९	१५	१६
१४	२०	२१	२	८
१	७	१३	१९	२५
१८	२४	५	६	१२

११	१७	२३	४	१०
३	९	१५	१६	२२
२०	२१	२	८	१४
७	१३	१९	२५	१
२४	५	६	१२	१८

१२	१८	२४	५	६
४	१०	११	१७	२३
१६	२२	३	९	१५
८	१४	२०	२१	२
२५	१	७	१३	१९

૧૩	૧૯	૨૫	૧	૭
૫	૬	૧૨	૧૮	૨૪
૧૭	૨૩	૪	૧૦	૧૧
૯	૧૫	૧૬	૨૨	૩
૨૧	૨	૮	૧૪	૨૦

૧૪	૨૦	૨૧	૨	૮
૧	૭	૧૩	૧૯	૨૫
૧૮	૨૪	૫	૬	૧૨
૧૦	૧૧	૧૭	૨૩	૪
૨૨	૩	૯	૧૫	૧૬

१५	१६	२२	३	९
२	८	१४	२०	२१
१९	२५	१	७	१३
६	१२	१८	२४	५
२३	४	१०	११	१७

१६	२२	३	९	१५
८	१४	२०	२१	२
२५	१	७	१३	१९
१२	१८	२४	५	६
४	१०	११	१७	२३

१७	२३	४	१०	११
९	१५	१६	२२	३
२१	२	८	१४	२०
१३	१९	२५	१	७
५	६	१२	१८	२४

१८	२४	५	६	१२
१०	११	१७	२३	४
२२	३	९	१५	१६
१४	२०	२१	२	८
१	७	१३	१९	२५

१९	२५	१	७	१३
६	१२	१८	२४	५
२३	४	१०	११	१७
१५	१६	२२	३	९
२	८	१४	२०	२१

२०	२१	२	८	१४
७	१३	१९	२५	१
२४	५	६	१२	१८
११	१७	२३	४	१०
३	९	१५	१६	२२

२१	२	८	१४	२०
१३	१९	२५	१	७
५	६	१२	१८	२४
१७	२३	४	१०	११
९	१५	१६	२२	३

२२	३	९	१५	१६
१४	२०	२१	२	८
१	७	१३	१९	२५
१८	२४	५	६	१२
१०	११	१७	२३	२४

२३	४	१०	११	१७
१५	१६	२२	३	९
२	८	१४	२०	२१
१९	२५	१	७	१३
६	१२	१८	२४	५

२४	५	६	१२	१८
११	१७	२३	४	१०
३	९	१५	१६	२२
२०	२१	२	८	१४
७	१३	१९	२५	१

२५	१	७	१३	१९
१२	१८	२४	५	६
४	१०	११	१७	२३
१६	२२	३	९	१५
८	१४	२०	२१	२

॥ इति ॥

॥ श्री तीर्थङ्कर स्मर्णानुपूर्वी ॥



अनानुपूर्वी गुणवारी विधि

जहां १ है वहां—णमो अरिहंताणं बोलना
जहां २ है वहां—णमो सिद्धाणं बोलना
जहां ३ है वहां—णमो आयरियाणं बोलना
जहां ४ है वहां—णमो उवज्झायाणं बोलना
जहां ५ है वहां—णमो लोए सव्व साहूणं बोलना



अनानुपूर्वी गुणवानों फल

अनानुपूर्वी गुण जे जोय, छमासी तपनो फल होय।
सन्देह मत ना आणो लिगार, निर्मल मन जपो नवकार।
शुद्ध हृदय धरी विवेक, दिन-दिन प्रते गुण णी एक।
एम अनानुपूर्वी जो गुणे, पांच सो सागर नो पाप हणे।
अशुभ कर्म को हरण को, मंत्र बड़ो नवकार।
वाणी द्वादस अंग ने, देख लियो तत्व सार।

	२	३	४	५
२	१	३	४	५
१	३	२	४	५
३	१	२	४	५
२	३	१	४	५
३	२	१	४	५

१	२	४	३	५
२	१	४	३	५
१	४	२	३	५
४	१	२	३	५
२	४	१	३	५
४	२	१	३	५

[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]

[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]

१	२	३	५	४
२	१	३	५	४
१	३	२	५	४
३	१	२	५	४
२	३	१	५	४
३	२	१	५	४

१	२	५	३	४
२	१	५	३	४
१	५	२	३	४
५	१	२	३	४
२	५	१	३	४
५	२	१	३	४

[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]

[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]

१	२	५	४	३
२	१	५	४	३
१	५	२	४	३
५	१	२	४	३
२	५	१	४	३
५	२	१	४	३

१	२	४	५	३
२	१	४	५	३
१	४	२	५	३
४	१	२	५	३
२	४	१	५	३
४	२	१	५	३

३	३	३	३	३	३
१	१	१	१	१	१
५	५	४	४	२	२
४	२	५	२	५	४
२	४	२	५	४	५

३	३	३	३	३	३
२	२	२	२	२	२
५	५	४	४	१	१
४	१	५	१	५	४
१	४	१	५	४	५

२	३	४	५	१
३	२	४	५	१
२	४	३	५	१
४	२	३	५	१
३	४	२	५	१
४	३	२	५	१

२	३	५	४	१
३	२	५	४	१
२	५	३	४	१
५	२	३	४	१
३	५	२	४	१
५	३	२	४	१

१	१	१	१	१	१
२	२	२	२	२	२
५	५	४	४	३	३
४	३	५	३	५	४
३	४	३	५	४	५

१	१	१	१	१	१
३	३	३	३	३	३
५	५	४	४	२	२
४	२	५	२	५	४
२	४	२	५	४	५

शान्ति पाठ

२१ बार पढना

१	२	३	४	५
३	४	५	१	२
५	१	२	३	४
२	३	४	५	१
४	५	१	२	३